दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। गुरुवार 11 दिसम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 353 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# एसआईआर पर संसद में आर-पार

## राहुल का शाह को डिबेट का चैलेंज : गृहमंत्री बोले- मैं तय करूंगा, मुझे क्या बोलना है; राहुल ने कहा- ये डरा-घबराया हुआ जवाब



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा का जवाब दिया। अपने भाषण की शुरूआत में कहा कि चुनाव सुधार पर चर्चा से बीजेपी के लोग भागते नहीं है।

इस पर सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी सीट से खड़े हुए और शाह से कहा कि मैं एसआईआर पर अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर डिबेट के लिए आपको चैलेंज करता हूं। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई।

शाह ने 1:30 घंटे की स्पीच में चुनाव सुधार, ईवीएम, मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, नेहरू, इंदिरा, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेशियों की घुसपैठ और कांग्रेस की वोट चोरी का जिक्र किया।

राहुल गांधी के लोकसभा में पूछे 3 सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान सदन में 7 से ज्यादा बार हंगामा हुआ। आखिर में कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

### राहुल-शाह के बीच की बहस

अमित शाह: विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब दूंगा। एक सादी वाली, एक एटम बम वाली और एक हाइड्रोजन बम वाली। हर सवाल का जवाब दूंगा। राहुल गांधी ने उन्हें बीच में टोका।

राहुल: शाह जी मैं आपको चैलेंज करता हूं। आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें।

शाह (तेज आवाज में): 30 साल से संसद या विधानसभा में चुनकर आ रहा हूं। ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरे बोलने का क्रम मैं तय करूंगा। आप नहीं।

राहुल: शाह जी का रिस्पॉन्स पूरी तरह से घबराया हुआ है। डरा हुआ रिस्पॉन्स है।

इस पर शाह बोले: मैं उनके उकसावे पर नहीं आऊंगा। विषय पर बोलूंगा। मेरे भाषण में

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

# पुलिस कमिश्नर ने यातायात पुलिस अधिकारियों के साथ बनाया सड़क सुरक्षा का प्लान, ट्रैफिक मित्र और ट्रैफिक वालंटियर फोर्स का किया जाएगा गठन





- प्रमुख डार्क जोन को लेकर बढ़ाई जाएगी लाइटिंग
- मोदीनगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ रोड क्रिटिकल कॉरिडोर घोषित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 1 नवंबर से लेकर 30 नवंबर तक यातायात माह चलाया गया था। यातायात माह के दौरान जहां 40 करोड़ का जुमार्ना उन वाहन चालकों पर लगाया गया जो नियम तोड़ते पकड़े गए।

तो वहीं दो लााख 39 हजार से अधिक लोगों के नियम तोड़ने पर चालान भी किए गए। जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वर्ष 2026 के लिए पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी, डीसीपी, एसीपी और प्रभारियों के साथ सुरक्षा प्लान बना रहे हैं। तो इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने ट्रैफिक पुलिस के एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिनेस, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, भास्कर वर्मा और अजय कुमार के साथ ही सभी प्रमुख ट्रैफिक इंस्पेक्टर को इसमें बैठक में शामिल किया गया।

इस बैठक के तहत कमिश्नर जे रविंदर गौड ने हॉटस्पॉट प्वाइंट चिन्हित कर वहां विशेष प्रवर्तन अभियान चलाने के साथ ही लाइटिंग बढ़ाने का निर्देश दिया है।

तो वहीं गाजियाबाद की बढ़ती हुई आबादी और सीमित यातायात पुलिसकर्मियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक मित्र और ट्रैफिक वालंटियर फोर्स बनाने का निर्देश दिया गया है ताकि भीड़भाड़ वाले इलाकों, प्रमुख बड़े मुख्य आयोजनों और त्यौहारी सीजन में ऐसे लोगों की ड्यूटी में सहायता लेकर गाजियाबाद के यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

### मोदीनगर क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ रोड क्रिटिकल कॉरिडोर घोषित

करंट क्राइम : लगामार मोदीनगर के में दिल्ली-मेरठ रोड पर होने वाले हादसों के अध्ययन के बाद इसको क्रिटिकल कॉरिडोर घोषित किया गया है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने इस बैठक के दौरान मोदीनगर क्षेत्र में दिल्ली-मेरठ रोड को क्रिटिक्स कॉरिडोर के रूप में चिन्हित किया है। वहीं अन्य मार्गों की इसी प्रकार चिन्हित करते हुए थाना स्तर पर क्रिटिकल कॉरिडोर टीम गठित की जाएगी, जो यहां की सुरक्षा और सड़क हादसों पर तत्काल एक्शन लेने का काम करेंगे। पुलिस कमिश्नर ने ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य, डिवाइडर कटों का समायोजन, रिफ्लेक्टर और कैट आई लगवाने के निर्देश दिए गए हैं। तो वही यातायात पुलिस की ओर से कार्रवाई करने और यातायात व्यवस्था को सुधारने का निर्देश दिया है।

### हर जोन में बनेगा एक जाममुक्त मॉडल चौराहा, लाल कुआं के डिवाइडर की चौड़ाई होगी कम

करंट क्राइम : इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने प्रत्येक जोन के एसीपी को टास्क दिया है कि वह अपने जोन में एक चौराहे को जाममुक्त बनाकर मॉडल चौराहे के रूप में विकसित करेंगे। वही लाल कुआं पर डिवाइडर की चौड़ाई को कम किए जाने के लिए पहले भी पत्राचार किया गया था परंतु अब तक इस पर कोई कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इस संबंध में लाल कुआं को जाम मुक्त बनाने के लिए जल्द से जल्द सकारात्मक बैठक करने के निर्देश दिया गया है।

### ट्रैफिक पुलिस सोशल मीडिया पर हो अपडेट

करंट क्राइम : साल 2026 की कार्य योजना बनाते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने यातायात पुलिस के अधिकारियों से कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर नियमित रूप से अपडेट आएं। सूचना, वीडियो, जाम लगने से संबंधित पोस्ट कहीं पर कोई सड़क हादसा होता है, तो लोगों को बताया जाए कि वह किसी वैकल्पिक मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया कम्युनिटी बनाने और अधिक से अधिक लोगों के द्वारा गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के सोशल मीडिया पेज फॉलो करवाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

### नियम तोड़ने वालों पर लगातार हो कार्रवाई : सीपी

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बिना हेलमेट, अवैध पार्किंग, नो एंट्री उल्लंघन, गलत पार्किंग और स्पीडिंग के साथ ही तीन सवार,ी बिना नंबर प्लेट, हूटर, सायरन, ब्लैक फिल्म, जाति सूचक शब्द और चेकिंग होने पर पुलिस का सहयोग न करने वाले लोगों के चालान काटने का निर्देश दिया है। उनके वीडियो बनाए जाएं और लगातार नियम तोड़ने वालों पर सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया गया है।

# फिर लग गई हाउस टैक्स केस में हाईकोर्ट की डेट

## अब 15 जनवरी को होगी सुनवाई और मामला होता जा रहा है लेट






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि मामले में एक बार फिर डेट लगी है। 10 दिसम्बर को इस मामले में सुनवाई होनी थी लेकिन अब इसमें सुनवाई के लिए अगली तारीख 15 जनवरी की लगी है। गौरतलब है कि नगर निगम प्रशासन ने हाउस टैक्स में वृद्धि की थी। इस वृद्धि को गलत बताते हुए भाजपा के तीन पूर्व पार्षद अदालत चले गये। इनमें पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल और पूर्व पार्षद अनिल स्वामी हैं। इन पूर्व पार्षदों ने शासन को भी पत्र लिखे, मेयर को भी पत्र लिखा और महानगर अध्यक्ष को भी पत्र लिखा। इसके बाद इन पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट ने हाउस टैक्स वृद्धि के विरोध में दालिख की गई इस याचिका को स्वीकार कर लिया। इसके बाद नगर निगम ने अपना पक्ष रखा और लगभग 100 पेज का एक जवाब दाखिल किया। केस लड़ रहे पूर्व पार्षदों ने काउंटर एफीडेविट दाखिल किया। इसके बाद से इस मामले में सुनवाई चल रही है। बताते हैं कि इस मामले में वैसे तो दोनों पक्ष अपने अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर चुके हैं और अब केवल दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की फाईनल बहस होनी है। उसके बाद अदालत को फैसला देना है। 10 दिसम्बर यानी बुधवार को प्रयागराज हाईकोर्ट में इस मामले में सुनवाई होनी थी। सूत्र बताते हैं कि अदालत ने दोपहर 12बजकर 40 मिनट पर फाईल को सुनवाई के लिए पुटअप किया। यहां पर अदालत ने कहा कि दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं को कितना समय लगेगा। इस पर अधिवक्ताओं ने लगभग 1 घंटे का अनुमानित समय बताया। अधिवक्ताओं ने यह भी अनुरोध किया कि अदालत चाहे तो लंच के बाद इस मामले में जिरह हो सकती है। मगर बताया ये जाता है कि कोर्ट ने लंच के बाद सुनवाई से इंकार किया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने ये अनुरोध किया कि इस मामले में अगर अगले हफ्ते की तारीख मिल जाये तो ठीक रहेगा। यहां पर कोर्ट द्वारा अधिवक्ताओं को ये सूचित किया गया कि 18 दिसम्बर से अदालत का शीतकालीन अवकाश घोषित होगा। जो अनुमानित 6 जनवरी तक चलेगा। लिहाजा इस मामले में अदालत ने 15 जनवरी की डेट लगा दी। अब गाजियाबाद नगर निगम बनाम पूर्व पार्षद केस में 15 जनवरी 2026 को सुनवाई होगी। बुधवार को जब इस मामले में सुनवाई हुई तो दोनों पक्ष के अधिवक्ता मौजूद थे।

# गाजियाबाद में 2.47 लाख वोटर सी-कैटेगरी में भेजे जाने पर सपा नाराज

## लखनऊ में चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साल 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले चल रहे एसआईआर के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य पर समाजवादी पार्टी ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी ने आरोप लगाया है कि गाजियाबाद के अलग-अलग क्षेत्र के 2 लाख ,47 हजार 364 मतदाताओं को बीएलओ द्वारा बिना उचित जांच के कैटेगरी सी में डाल दिया गया है। सपा पार्टी का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाताओं को संदिग्ध सूची में डालना अत्यंत चिंताजनक है।

इसी मुद्दे को लेकर पार्टी ने लखनऊ में चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि इन सभी मतदाताओं की तत्काल जांच कर उन्हें नियमों के अनुसार कैटेगरी ए या बी में सही रूप से शामिल किया जाए, ताकि पात्र मतदाता मतदान से वंचित न हों।

### मुस्लिम इलाकों में बेहतर प्रगति से सपा संतुष्ट

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की जिला और महानगर इकाई उन इलाकों पर भी नजर बनाए हुए है जहाँ मुस्लिम मतदाता संख्या अधिक है। पार्टी का कहना है कि इन क्षेत्रों में एसआईआर का काम अपेक्षाकृत बेहतर चल रहा है, जिससे संगठन संतुष्ट है। उधर सपा जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन ने कहा कि जहाँ भी गड़बड़ियाँ मिल रही हैं, वहाँ जिला प्रशासन से लगातार संवाद कर सुधार की मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी स्तर पर भी दोबारा जांच की जाएगी और यदि किसी प्रकार की कमी पाई गई तो चुनाव आयोग से पुनः शिकायत दर्ज की जाएगी। फैजल हुसैन ने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी लोकतांत्रिक अधिकारों से खिलवाड़ है और समाजवादी पार्टी इसका विरोध जारी रखेगी।

# तीन मंजिला बनेगा वेव सिटी थाना, कमिश्नरेट ही नहीं वेस्टर्न यूपी का सबसे मॉडर्न होगा कंस्ट्रक्शन

## कवि नगर, सिहानी गेट, घंटाघर कोतवाली, विजयनगर, इंदिरापुरम, मुरादनगर और मोदीनगर में भी शुरू हुआ रिनोवेशन का काम

गौरव शशि नारायण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार हाईटेक और मॉडर्न लुक में थाने बनाए जा रहे हैं। बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा ट्रांस हिंडन जोन के शालीमार गार्डन थाने का शुभारंभ किया गया। तो इससे पहले साहिबाबाद थाना भी मॉडल लुक थाने के रूप में बनकर तैयार किया जा चुका है।

वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में बीते कुछ माह पूर्व शामिल किया गया वेव सिटी थाना बेहद हाईटेक और मॉडर्न लुक स्टाइल में बनाया जाएगा। इसके निर्माण के लिए अगले एक सप्ताह में निर्णय ले लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि थाना वेव सिटी तीन मंजिला होगा। जिसमें पहले और दूसरी मंजिल पर एसीपी और थाना प्रभारी का कक्ष रहेगा। वहीं अन्य महत्वपूर्ण दफ्तर भी इसी परिसर में बनाए जाएंगे। लगभग 3000 वर्ग मीटर में वेव सिटी थाने का निर्माण होगा और यहां पार्किंग से लेकर अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराई जाएगी।

बता दें की पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत थानों का दौरा करते हैं। तो वहां के सुधार और सौंदर्यीकरण पर फोकस रखते हैं और इसी का नतीजा है कि अब धीरे-धीरे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों ही जोन के थानों की तस्वीरें बदलना शुरू हो गई हैं।




### इंदिरापुरम से लेकर कवि नगर कोतवाली से लेकर मोदीनगर तक हो रहा है रिनोवेशन का काम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों ट्रांस हिंडन जोन के थाना इंदिरापुरम में मॉडर्नाइजेशन के काम को फाइनलाइंस किया जा रहा है। तो वही घंटाघर कोतवाली का भी रिनोवेशन काम शुरू हो गया है। इसके साथ ही डीसीपी ऑफिस की मुख्य बिल्डिंग, एसीपी कोतवाली कार्यालय, कवि नगर थाना तो सिहानी गेट के साथ ही मोदीनगर, मुरादनगर में भी रिनोवेशन का काम शुरू हो गया है। आने वाले दिनों में इन थानों का नजारा बदला बदला दिखेगा। यहां आधुनिक बिल्डिंग के साथ ही नया इंफ्रास्ट्रक्चर लगाया जा रहा है, जो लाइटिंग से भरपूर रहेगा और यहां इंफ्रास्ट्रक्चर भी सुधारा जाएगा।



### पुलिस कमिश्नर का है प्लान, दूर से ही दिखे थाने शानदार

करंट क्राइम : थाना में पुलिसकर्मियों के व्यवहार और वर्किंग को सुधारने के बाद अब पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड थानों की शान बढ़ाने वाले अभियान में जुट गए हैं। उनकी कोशिश है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों का आधुनीकरण और उनको हाईटेक लुक में तैयार किया जाए ताकि यहां आने वाले लोग उसे दूर से देख पाएं। यहां बेहतर लाइटिंग के साथ ही साफ-सफाई हो। तो सीसीटीवी से लेकर पार्किंग स्पेस और पब्लिक के बैठने के लिए आगंतुक कक्ष जैसी सुविधा प्रदान की जाएं ताकि थानों की तस्वीर बदले और लोगों की सोच में भी बदलाव देखने को मिले।

### साहिबाबाद से लेकर मसूरी थाने तक बदल चुका है थानों का लुक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के प्रयास और लगातार दिशा-निर्देश का असर है कि थाना साहिबाबाद, लिंक रोड, शालीमार गार्डन और मसूरी थाना की बिल्डिंग इंफ्रास्ट्रक्चर काफी बदल गई है। वहीं कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में आधा दर्जन से अधिक थानों की तस्वीर इसी तरीके से बदली हुई नजर आएगी।



# एसआईआर पर सियासी संग्राम...संसद में कोहराम !

## एसआईआर के लिए मैपिंग ऐप बनाने वाली कंपनी ने बीजेपी को चंदा दियाः अखिलेश




**डिंपल यादव बोलीं- चुनाव आयोग सरकार के लिए काम कर रहा है**

**केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी बोले- राहुल गांधी पार्ट-टाइम नेता**

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के 8वें दिन बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही जारी है। लोकसभा में चुनाव सुधार और एसआईआर पर चर्चा जारी है।

भाजपा सांसद कंगना रनोट ने कहा विपक्ष ईवीएम हैक करने की बात करता है ये भूल गए हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी दिलों को हैक करते हैं।वहीं सपा की डिंपल यादव ने कहा कि सरकार एसआईआर के जरिए एनआरसी लागू कर रही है।

मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई थी। इस दौरान कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी ने हिस्सा लिया और आरोप लगाया कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं।

चर्चा की शुरूआत कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि देश के 12 राज्यों में किया जा रहा एसआईआर गैरकानूनी है। संविधान में पूरे राज्य में एक साथ रक्फ्को लेकर कोई कानून नहीं है, इसे तत्काल रोकें।

इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर के बहाने अंदर ही अंदर एनआरसी वाला काम कर रहे हैं।

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि एसआईआर वोट डिलीट करने का टूल बनकर रह गया है। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने की अथॉरिटी नहीं है। चुनाव आयोग कह रहा है कि पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख वोटर डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है।

**पप्पू यादव बोले- बिहार में चुनाव नतीजों को आधार बनाकर नाम काटे गए :** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने एसआईआर पर सरकार और चुनाव आयोग, दोनों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि बीएलओ और अधिकारियों ने 2024 के चुनाव नतीजों को आधार बनाकर नाम काटने का काम किया। जिस विधानसभा क्षेत्र में ये जितने वोट के अंतर से हारे थे, उस विधानसभा क्षेत्र में उतने वोट काटे गए। अधिकारियों और बीएलओ ने वोटर लिस्ट लेकर एक जगह बैठकर नाम काटे।

### अखिलेश यादव का भाजपा पर बड़ा आरोप

अखिलेश यादव ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की मैपिंग के लिए ऐप बनाने वाली कंपनी ने बीजेपी इलेक्टोरल बॉन्ड दिए हैं। अखिलेश ने कहा कि ये ऐप ठीक से काम नहीं कर रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी ने एसआईआर का मैप बनाया हो और उसी कंपनी ने बीजेपी को इलेक्टोरल बॉन्ड दिया हो तो स्वाभाविक है कि आम जनता को परेशानी उठानी ही पड़ेगी।

दिल्ली के ताज होटल में चल रहे विचारों के महामंच एजेंडा आजतक-2025 में पहुंचे अखिलेश ने यूपी की राजनीति, एसआईआर, डिटेंशन सेंटर पर विस्तार से बात की। एसआईआर की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए अखिलेश ने कहा कि इसके खिलाफ होने के बावजूद भी उन्होंने इस फॉर्म को इसलिए भरा क्योंकि सरकार ने विरोध को स्वीकार नहीं किया।

अखिलेश ने कहा कि यूपी का चुनाव देश का चुनाव होगा, क्योंकि यहां से पीएम और रक्षा मंत्री चुनकर आते हैं और वे बहुत तैयारी से चुनाव लड़ते हैं।

उन्होंने कहा कि हारने वाला जानता है और समझता है कि आने वाले समय में उसे क्या तरीका अपनाना चाहिए। ताकि वो जीत सके।

**घुसपैठिये राष्ट्र की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा :** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल बोले देश में घुसपैठियों ने आधार कार्ड के साथ वोटर कार्ड भी बना लिए हैं।

इन्हें वोटर लिस्ट से बाहर करना जरूरी है। इन्ही के लिए एसआईआर किया जा रहा है लेकिन हमारे विपक्षी भाइयों के मन में इनके लिए दया पैदा हो जाती है। घुसपैठियों को वोटर लिस्ट से बाहर करना का कोई इमानदार प्रयास नहीं किया गया। सरकार की योजनाओं का लाभ इन घुसपैठियों को क्यों मिलना चाहिए।

ये फर्जी वोटर आईडी कार्ड के जरिए किसी न किसी दल के वोटर बन बैठे हैं क्या इसलिए इन्हें बाहर नहीं करना चाहिए। घुसपैठिये राष्ट्र की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

सपा की डिंपल यादव ने कहा- चुनाव आयोग को निष्पक्ष काम करना चाहिए लेकिन ये चुनाव आयोग पूरी तरह सरकार के लिए काम कर रहा है। यूपी चुनाव में बीजेपी ने मनमानी की लेकिन चुनाव आयोग ने शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। आयोग पक्षपात कर रहा है। जबसे चुनाव आयुक्त चयन कमेटी में से सीजेआई को हटाया है तबसे ये ज्यादा हो रहा है। सरकार के लिए ही काम कर रहा है। एसआईआर के नाम पर नागरिकता कानून लागू किया जा रहा है। ये लोकतंत्र पर सीधा निशाना है। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट का रिविजन करता है।

आयोग ये हर साल करता भी है लेकिन इस बार लोगों को लिस्ट में जोड़ने का नहीं बल्कि लोगों को हटाने का काम कर रहा है। बिहार में 85 लाख लोगों को हटाया गया। इनके बारे में कोई बात नहीं कर रहा है। यूपी बंगाल में बीएलओ को बिना ट्रेनिंग काम पर लगा दिया गया है। इस कारण वे प्रेशर में आत्महत्या कर रहे हैं।

### कांग्रेस ने चुनाव सुधार का एक भी सुझाव नहीं दियाः अमित शाह

लोकसभा में बुधवार को चुनाव आयुक्त की नियुक्ति और चुनाव सुधारों पर जोरदार बहस हुई, जहां गृह मंत्री अमित शाह ने इतिहास से लेकर वर्तमान तक पूरे मुद्दे का विस्तार से ब्यौरा दिया। शाह ने साफ कहा कि 73 वर्ष तक देश में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए कोई कानून ही नहीं था और यह प्रक्रिया सीधे प्रधानमंत्री के स्तर पर तय होती थी। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस को अपने दौर की नियुक्तियों को भी देखना चाहिए। अमित शाह ने बताया कि 1950 से 1989 तक चुनाव आयोग एक सदस्यीय संस्था थी और उस समय नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया प्रधानमंत्री द्वारा तय की जाती थी। प्रधानमंत्री फाइल राष्ट्रपति को भेजते थे और राष्ट्रपति उसकी मंजूरी दे देते थे। इस लंबे कार्यकाल में कभी कोई सवाल नहीं उठाया गया। शाह ने कहा कि 1950 से 2023 तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर कोई कानून नहीं था, जबकि विपक्ष आज इस व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। उन्होंने बताया कि 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम व्यवस्था के तहत प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस वाली समिति बनाने का सुझाव दिया था, जब तक कि नया कानून न आ जाए। अमित शाह ने खुलासा किया कि मई 2014 से आज तक कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को चुनाव सुधारों पर एक भी सुझाव नहीं भेजा।

### शीतकालीन सत्र में 10 नए बिल पेश होंगे

संसद के शीतकालीन सत्र में 10 नए बिल पेश होंगे। लोकसभा बुलेटिन में शनिवार (22 नवंबर) को इसकी जानकारी दी गई थी। इनमें सबसे अहम एटॉमिक एनर्जी बिल है, जिसके तहत पहली बार निजी कंपनियों (भारतीय और विदेशी) को न्यूक्लियर पावर प्लांट लगाने की अनुमति देने का प्रस्ताव है। फिलहाल देश में सभी परमाणु संयंत्र सरकार के नियंत्रण वाली कंपनियां, जैसे एनपीसीआईएल, ही बनाती और चलाती हैं। बिल पास होने पर निजी क्षेत्र को भी न्यूक्लियर पावर प्रोडक्शन में प्रवेश मिलेगा। सत्र में आने वाला दूसरा बड़ा बिल ह्यहायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडियाह्न बिल होगा। इसमें यूजीसी, एआईसीटीई और एनसीटीई जैसे अलग-अलग रेगुलेटरी संस्थानों को खत्म करके एक ही राष्ट्रीय कमीशन बनाने की योजना है। सरकार का कहना है कि इससे उच्च शिक्षा व्यवस्था अधिक सुगम और प्रभावी होगी।

#### अहम बिल जो पेश होंगे, उनसे क्या बदलाव

न्यूक्लियर सेक्टर के लिए बड़ा बदलाव : लोकसभा बुलेटिन के अनुसार एटॉमिक एनर्जी बिल भारत में परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल, कंट्रोल एंड रेगुलेशन से जुड़े प्रावधानों को नया फ्रेमवर्क देगा। यह पहली बार होगा जब प्राइवेट कंपनियों को न्यूक्लियर क्षेत्र में एंट्री मिल सकेगी। अब प्राइवेट कंपनियां भी न्यूक्लियर पॉवर प्लांट लगा सकेंगी।

हॉयर एजुकेशन कमीशन बनाने वाला बिल भी तैयार : सरकार हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी पेश करेगी। इसका उद्देश्य कॉलेज और यूनिवर्सिटी को अधिक फ्रीडम देना और सिस्टम को पारदर्शी बनाना है।

हाईवे भूमि अधिग्रहण तेज होगा : नेशनल हाईवे (संशोधन) बिल भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज और अधिक पारदर्शी बनाएगा, ताकि नेशनल हाईवे प्रोजक्ट्स में देरी कम हो सके।

कंपनी कानून और एलएलपी कानून में बदलाव : सरकार कॉरपोरेट लॉ (संशोधन) बिल, 2025 लाने की तैयारी कर रही है। जो कंपनी अधिनियम 2013 और एलएलपी अधिनियम 2008 में बदलाव कर ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्न को और सरल करेगा।

सभी बाजार कानून एक बिल में : सिक्योरिटीज मार्केट्स कोड बिल, 2025 का उद्देश्य सेबी एक्ट, डिपॉजिटरीज एक्ट और सिक्योरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स एक्ट को मिलाकर एक सरल कानून तैयार करना है।

संविधान में संशोधन से जुड़ा बिल : संविधान में 131वां संशोधन करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। इस बिल के तहत खासकर चंडीगढ़ यूनियन टेरेटरी को संविधान के आर्टिकल 240 के दायरे में लाया जाएगा। आर्टिकल 240 के तहत केंद्र सरकार केंद्रशासित प्रदेशों के लिए रेगुलेशन बना सकती है, जिन्हें कानून का दर्जा प्राप्त होता है।


## कोरोनावायरस में विधवा हुई महिला का परमार्थ सेवा ट्रस्ट में रचाया विवाह





**गजियाबाद (करंट क्राइम)।** सेक्टर 23 की जागृति बिहार में अपने पिता के साथ रह रही हैं अंजली शर्मा को पुंन विवाह बंधन में बांधने का कार्य आज परमार्थ सेवा ट्रस्ट के द्वारा संपन्न कराया गया। अंजली शर्मा का पूर्व विवाह जनपद शामली निवासीजिस युवक से हुआ था। उसका आज भी है युवक की कोरोनावायरस में निधन हो गया। अब अंजली शर्मा का विवाह सिवाल खास मेरठ निवासी नीरज के साथ संपन्न किया गया। बारात संजय नगर स्थित शुभम बैंक्विट हॉल में आई आई तथा गोधूलि की बेला में 5:00 बजे विवाह संस्कार शुरू हो गया। तत्पश्चात जयमाला डालकर दोनों ने एक दूसरे को ग्रहण किया और दोनों पक्षों की परिजनों ने पुष्प हार डालकर उनका आशीर्वाद दिया। परमारत शिव ट्रस्ट के द्वारा नव दंपति को विवाह के उपरांत ग्रस्त जीवन में काम आने वाले अनेक उपहार भेंट किए जिन में डबल बेड, बड़ी वाली लोहे की अलमारी,वाशिंग मशीन टीवी, डिनर सेट स्टील का, मिक्सी कम ग्राइंडर 21 साड़ियां, मेकअप बॉक्स, पर्स, गद्दे डबल बेड के कंबल, बेडशीट आदि उपहार प्रदान किये गये।

## नकली घी के बाद तिरुपति देवस्थानम में सामने आया सिल्क दुपट्टा घोटाला, 54 करोड़ रुपये की हुए हेरफेरी





**नई दिल्ली।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। 2015 से 2025 के बीच मंदिर प्रशासन को सप्लाई किए गए सिल्क दुपट्टों में भारी फजीर्वाड़ा पकड़ा गया है। सतर्कता विभाग की जांच में खुलासा हुआ कि ह्यसिल्कह्न के नाम पर पॉलिएस्टर दुपट्टे सप्लाई किए गए, जिनकी कीमत करोड़ों में वसूली गई। इस घोटाले की रकम लगभग 54 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, एक ठेकेदार ने करीब 15,000 दुपट्टे प्रति पीस 1,389 रुपये की दर से दिए और दावा किया कि ये 'सिल्क दुपट्टे' हैं। लेकिन जांच के दौरान सैंपल जब सेंट्रल सिल्क बोर्ड सहित दो लैब्स में भेजे गए, तो रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि दुपट्टे असली रेशम से नहीं, बल्कि पूरी तरह पॉलिएस्टर से बने थे।

**एसीबी को सौंपी गई जांच :** इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए टीटीडी चेयरमैन बी.आर. नायडू ने कहा हमें खरीद विभाग में कुछ अनियमितताएं मिली हैं। इस पर गंभीरता से संज्ञान लेकर हमने जांच एसीबी को सौंप दी है।

**पहले भी विवादों से घिर चुका है टीटीडी :** नकली घी और मिलावट मामला (2024): सितंबर 2024 में तब हड़कंप मच गया था जब आंध्र प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि तिरुपति के पवित्र लड्डुओं में इस्तेमाल होने वाला घी शुद्ध गौघृत न होकर मिलावटी हो सकता है। इसके बाद सीबीआई की निगरानी में एक एसआईटी गठित की गई और पूरे सप्लाई चेन की जांच शुरू हुई।

परकामानी केस (2023): 29 अप्रैल 2023 को परकामानी विभाग से जुड़े एक क्लर्क सी.वी. रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया था। आरोप था कि वह श्रद्धालुओं द्वारा श्रीवारी हुंडी में डाले गए दान की रकम चोरी कर रहा था।

**टीटीडी के लिए बढ़ी चुनौतियां :** इन विवादों के बाद अब 54 करोड़ रुपये का सिल्क दुपट्टा घोटाला मंदिर प्रशासन की पारदर्शिता पर फिर सवाल खड़ा कर रहा है। जांच एजेंसियां अब इस बात की पड़ताल कर रही हैं कि 10 साल तक यह फजीर्वाड़ा कैसे चलता रहा, किसकी मिलीभगत थी और किन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। जांच जारी है और आगे और खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

## नाइट क्लब अग्निकांड : लूथरा बंधुओं को नहीं मिली अंतरिम राहत?





**नई दिल्ली।** गोवा के रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा बुधवार को दिल्ली की एक अदालत से अंतरिम राहत पाने में नाकाम रहे। अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई अगले दिन के लिए टाल दी। अतरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने दोनों भाइयों द्वारा दायर अग्रिम जमानत पर गोवा सरकार से जवाब मांगा और अगली सुनवाई की तारीख गुरुवार तय की।

भाइयों ने चार हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मांगी है ताकि थाईलैंड से दिल्ली लौटने के बाद उन्हें तुरंत गिरफ्तार न किया जाए। उन्होंने गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा भी मांगी है। थाइलैंड भाग चुके लूथरा ब्रदर्स ने अग्रिम याचिका में खुद पीड़ित बताया है। दावा किया कि उन्हें बिना आधार आरोपी बनाया जा रहा है।

सुनवाई के दौरान आरोपी सौरभ लूथरा की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने मेडिकल कारणों का हवाला देते हुए आरोपी सौरभ लूथरा की सेहत की स्थिति बताई, जिसे मिर्गी और हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आरोपी क्लब के मालिक नहीं हैं, बल्कि सिर्फ लाइसेंसधारी हैं, जो वैध परमिशन के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि मालिकाना हक किसी और के पास है।

दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में गोवा नाइट क्लब आग मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रोहिणी कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता शारीरिक तौर पर उसके अधिकार क्षेत्र में मौजूद नहीं है, कोर्ट ने सवाल किया कि ऐसी परिस्थितियों में अग्रिम जमानत की याचिका को कैसे स्वीकार किया जा सकता है?

जवाब में लूथरा भाईयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कोर्ट के सवाल का जवाब देने के लिए कानूनी मिसालों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि वह यह एप्लीकेशन इसलिए दे रहे हैं क्योंकि याचिकाकर्ता कोर्ट के अधिकार क्षेत्र का स्थायी निवासी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह सिर्फ गिरफ्तारी से सुरक्षा मांग रहे हैं।

हालांकि राज्य के वकील ने विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय मांगा। उन्होंने कहा कि आरोपी देश छोड़कर भाग गया है, गोवा कोर्ट ने पहले ही गैर-जमानती वारंट जारी कर चुका है और अन्य जरूरी तथ्यों को रिकॉर्ड पर रखने की जरूरत है।

कोर्ट ने राज्य को सभी जरूरी सूचनाओ के साथ अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले पर अगले दिन विचार करने के लिए तारीख तय की।आरोपियों के वकील ने तनवीर अहमद मीर ने कोर्ट से अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता को अंतरिम सुरक्षा देने का आग्रह किया।

## राहुल गांधी के जर्मनी दौरे पर भाजपा ने कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को पार्टी के नेता राहुल गांधी की आगामी जर्मनी यात्रा को लेकर भाजपा की आलोचना का जवाब दिया। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना लगभग आधा समय देश के बाहर बिताते हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के मुताबिक, राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे। इस दौरान वह भारतीय समुदाय से मिलेंगे और जर्मन मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। भाजपा ने राहुल गांधी की आगामी विदेश यात्रा पर तंज कसा और कहा कि 'राहुल तो विपक्ष के नेता नहीं, बल्कि पर्यटन के नेता हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर लिखा कि संसद 19 दिसंबर तक चल रही है। लेकिन राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार चुनाव के दौरान भी राहुल विदेश में थे और बाद में जंगल सफारी पर चले गए थे। प्रियंका गांधी ने भाजपा के हमले पर पलटवार करते हुए कहा, मोदी जी अपने काम का आधा समय विदेश में बिताते हैं... फिर विपक्ष के नेता के विदेश जाने पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं?

## हापुड़-मेरठ कनेक्टिविटी को मिलेगी नई रफ्तार





- आठ साल से लंबित आरओबी परियोजना 5 माह में होगी पूरी
- जीडीए उपाध्यक्ष ने की समीक्षा; 14 किमी का सफर बचेगा, 5 लाख लोगों को सीधा लाभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने आखिरकार क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण और आठ वर्षों से लंबित बुनियादी ढांचा परियोजना को गति दे दी है। जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने मधुबन बापू धाम योजना में हापुड़ रोड से मेरठ रोड तक प्रस्तावित अंडरपास/रेल-ओवर-ब्रिज निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अगले पाँच माह में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया है।

त्रिपक्षीय सहयोग से मिली तेजी : यह महत्वपूर्ण परियोजना अब जीडीए, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम और रेलवे के संयुक्त प्रयासों से तेजी पकड़ चुकी है। समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष कलाल को बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने अपने हिस्से का अधिकांश निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। वहीं, रेलवे ने भी अपने शेष हिस्से का कार्य शुरू कर दिया है और इसे तय समयसीमा के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया है।

### 14 किलोमीटर का सफर होगा कम

परियोजना से जुड़े तथ्यों के अनुसार, यह आरओबी लगभग 600 से 751 मीटर लंबा होगा। इसमें चार लेन यातायात की व्यवस्था के साथ एक अंडरपास भी शामिल रहेगा। इस सेतु के पूरा होते ही हापुड़ से मेरठ रोड तक सीधी, सुरक्षित और निर्बाध कनेक्टिविटी स्थापित हो जाएगी। हापुड़ से मेरठ की ओर जाने वाले वाहनों को अब हापुड़ चुंगी तक आने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्रियों का वर्तमान में लगने वाला लगभग 14 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर बचेगा।

### 5 लाख से अधिक निवासियों को लाभ

इस सुधार का सीधा लाभ मधुबन बापू धाम, गोविंदपुरम, स्वर्ण जयंती पुरम और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले पाँच लाख से अधिक लोगों को प्रतिदिन मिलेगा। इससे समय, ईंधन की बचत होगी और गाजियाबाद के मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव भी कम होगा। जीडीए उपाध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि अगले पाँच माह में यह परियोजना पूरी हो जाएगी, जिससे गाजियाबाद-मेरठ क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को नई दिशा मिलेगी और यह मार्ग एक प्रमुख यातायात सेतु की भूमिका निभाएगा।

## राजकोट में छह साल की बच्ची के साथ दरिंदगी

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में छह साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत पुलिस ने 30 साल के राम सिंह नाम के शख्स को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी राम पर आरोप है कि उसने नन्ही बच्ची के साथ पहले दुष्कर्म किया और फिर उसके निजी अंग में लोहे की रॉड भी डाल दी।

पुलिस के मुताबिक यह दिल दहला देने वाली घटना 4 नवंबर की है। बच्ची को इतनी बुरी तरह चोट आई कि उसे तुरंत अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करना पड़ा। बच्ची की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

**NAME CHANGED**

I,Vineeta Yadav W/O Sandeep Kumar R/O Flat No-1243A,Floor No-13,Tower-1B,NH-24,Golflinks Landcraft, Ghaziabad,UP.I have changed my name Vineeta yadav to Vineeta sharma.Henceforth I Would be known by the name of Vineeta Sharma for future purposes."

**सार्वजनिक सूचना**

**गाजियाबाद नगर निगम, मोहन नगर जोन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भवन सं0-A-219/BGF मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद पिन सं0-MN77505 गाजियाबाद नगर निगम के मोहन नगर जोन सम्पत्ति कर अभिलेखों में वर्तमान में दर्ज नाम श्री कमल कुमार सैनी के स्थान पर श्रीमती सुष्मिता सैनी पत्नी स्व० कमल कुमार सैनी के द्वारा अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु गृह स्वामी का मृत्यु प्रमाण-पत्र के साथ शपथ-पत्र, पहचान-पत्र, पारिवारिक सदस्यों की सूची/वारीसान प्रमाण पत्र/वसीयतनामा एवं निर्धारित नाम परिवर्तन शुल्क जमा कर ऑन-लाईन आवेदन किया गया है।

आवेदक/आवेदिका के प्रार्थना-पत्र व संलग्न साक्ष्यों के आधार पर भवन सं0-A-219/BGF मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर नाम परिवर्तन किये जाने से पूर्व नियमानुसार नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा-213 (1-बी) का नोटिस सम्बन्धित पक्षों को पूर्व में दिनांक 18.11.2025 को जारी किया जा चुका है।

यदि उपर्युक्त भवन के नाम परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित जोनल कार्यालय मोहन नगर जोन, गाजियाबाद नगर निगम में प्राप्त करा सकते है। नियत समयावधि 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में आवेदक/आवेदिका श्रीमती सुष्मिता सैनी पत्नी स्व० कमल कुमार सैनी का नाम भवन सं0-A-219/BGF मोहल्ला शालीमार गार्डन एक्स0-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद पर दर्ज कर दिया जायेगा।

कर अधीक्षक
मोहन नगर जोन

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 11 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## डाक बंगले में दिखाई दिया तीन महामंत्रियों की प्रभारी मंत्री से मुलाकात का सीन

## चर्चा है कि चर्चा इस बात पर हुई कि हम क्यों चल रहे हैं आयाम विहीन!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कोई मुलाकात कभी भी बिना मतलब नहीं होती। दावेदारी के समय बड़े नेता भी जानते हैं कि उनके पास कोई भी व्यक्ति अगर मिलने आया है तो दिल में क्या बात लेकर आया है। संगठन के पदाधिकारी अगर जिले के प्रभारी मंत्री से मिल रहे हैं तो निश्चित रूप से कोई बात है जो होनी है। ये मुलाकात इन मायने में भी खास है कि प्रभारी मंत्री तो महानगर अध्यक्ष के जन्मदिन पर गये। मुलाकात को वहां भी हो सकती थी। लेकिन भाजपा में चर्चा इस समय शुरू हुई जब ये खबर बाहर आई कि डाक बंगले में तीन महामंत्री प्रभारी मंत्री से मिलने गये हैं। प्रभारी मंत्री असीम अरूण पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में थे। बताते हैं कि यहां



उनसे भाजपा के महामंत्री गोपाल अग्रवाल, महामंत्री सुशील गौतम और महामंत्री राजेश त्यागी मिले। जिस चेहरे को नजरें तलाश रहीं थी वो चेहरा महामंत्री पप्पू पलवान का था। लेकिन पप्पू पहलवान डाक बंगले वाली मुलाकात में नहीं थे। वो जन्मदिन पर भी नहीं पहुंचे और बताया ये जाता है कि वो मैडिकल ग्राउंड पर दिल्ली में गये थे। उन्हें अपने स्वास्थ्य संबंधी कुछ जांच करवानी थी। सूत्र बताते हैं कि तीन महामंत्री एक साथ पहुंचे और प्रभारी मंत्री से मुलाकात की। अब मुलाकात हुई है तो कुछ बात भी हुई होगी। लेकिन महामंत्रियों ने भी इस मामले में अपनी जुबान खामोश रखी और कह दिया कि केवल मुलाकात हुई है और हम तो ओनली जिले के प्रभारी असीम अरूण के साथ थे। वहां कोई बात नहीं हुई। लेकिन ये भाजपा है और चर्चा डाक बंगले से बाहर तक आ गई कि अजी ऐसे कैसे हो जायेगा कि ये तीनो मिले और बात ना हो। करंट क्राइम ने जब इस मामले में महामंत्रियों को टटोला तो तीनों ने एक ही सुर में ये बोले कि ऐसी कोई बात नहीं हुई है और आयाम को लेकर तो बिल्कुल नहीं हुई है। सभी ने कहा कि हम केवल प्रभारी मंत्री के साथ थे। लेकिन भाजपा वाले इस बात को दबी जुबान से कह रहे हैं कि जब पूरी भाजपा बर्थडे मना रही थी तो ये तीन महामंत्री आखिर डाक बंगले में क्या बता रहे थे। अब महामंत्री तो बैठक की बात बता रहे हैं और बता रहे हैं कि हम प्रभारी मंत्री के साथ थे। लेकिन सूत्र ये बता रहे हैं कि यहां पर आयाम को लेकर बात हुई है। बताया जाता है कि महामंत्री इन दिनों आयाम वाले काम से फ्री कर दिये गये हैं। महामंत्री का पद संगठन में अहम होता है और तीनों ही महामंत्रियों के पास आयाम नहीं है। आयामविहीन वाले सीन में तीन महामंत्री डाक बंगले में दिखाई दिये। अब बात बाहर आई है तो चर्चा भी हो रही है।

## अब तक हुए जन्मदिन सेलिब्रेशन में किसका बर्थडे रहा है यादगार

### कुछ इस तरह से सामने आये इस विषय पर महानगर टीम दावेदारों के विचार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के जन्मदिन का जश्न बुधवार को पूरे शबाब पर रहा। बर्थडे का जलवा था और इस जलवे के साथ जलवा महानगर का भी था। जन्मदिन ऐसे सीजन में आया है जब दावेदारों की ये उम्मीदें जाग चुकी हैं कि महानगर वाली टीम में उनका नाम आ सकता है। वैसे भी इन दिनों भाजपा का अलग ही एक मयार चल रहा है। यहां सियासत पूरी बहार में है। ये तो महानगर अध्यक्ष का पद है और महानगर की टीम में आने के लिए सबकी अपनी अपनी कोशिशें चल रही हैं। यहां तो इन दिनों भाजपा में बूथ अध्यक्ष के घर के बाहर भी बड़े नेता नेम प्लेट लगाने जाते हैं। बूथ अध्यक्ष के घर के बाहर ढोल बजता है। मंडल अध्यक्ष की सिफारिश में केन्द्रीय मंत्री आ जाते हैं और सुना है कि कैबिनेट मंत्री तो मंडल अध्यक्ष बनवाने के लिए लखनऊ में डेरा डाल कर बैठ गये थे। ऐसे में महानगर की टीम में आना ही कई नेताओं को पोलीटिक्ल ड्रीम है। जन्मदिन का मौका है तो जाहिर सी बात है कि महानगर अध्यक्ष के घर के बार ढोल बजा है। ढोल के साथ कई चेहरों की अदाओं के बोल ऐसे थे कि कौन महानगर अध्यक्ष की गुडबुक में आता है। अध्यक्ष के प्रति उसका समर्पण कितना है। ऐसे में एक दिन पहले ही एक पोस्ट को लेकर फ्लावर वालों में सीन रोस्ट हो गया था। पोस्ट के जवाब में काउंटर पोस्ट डाली गईं। फिर ये पैगाम महानगर अध्यक्ष तक पहुंचाया गया कि हमने मोर्चा खोल दिया है और हमने पोस्ट का जवाब पोस्ट से दिया है। ऐसे में जब दो दिन बाद भी मौका बर्थडे का आ गया तो सबको अपना अपना रोल निभाना है और ये बताना है कि हम आपके प्रति



कितने लॉयल है। आपका जन्मदिन तो इतना बड़ा सेलीब्रेशन है कि ऐसा लग रहा है कि आप ही इस पोलीटिक्स के रॉयल हैं। जब ये सीन चल रहा है तो जाहिर सी बात है कि करंट क्राइम भी वहां मौजूद है और यहां पर एक सवाल ये उछला कि बर्थडे सेलीब्रेशन किसका यादगार रहा है। क्या अब से पहले भी ऐसा जानदार बर्थडे मना है। यहां पर बर्थडे सेलीब्रेशन में दो टेंट लगे थे। एक टेंट घर के बार लगा था और दूसरा टेंट घर के अंदर था। घर के बाहर लगे टेंट में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज बैठे थे। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चौपड़ा बैठे थे। यहां निगम पार्षद अमित त्यागी बैठे थे और भाजपा नेता भारत भाटी मौजूद थे। उनके साथ विजय धामा बैठे थे। इसके अलावा अन्य कई चेहरे मौजूद थे। यहां एक सवाल ये आया कि इतनी भीड़ अब से पहले किसके जन्मदिन में आई है। कितनी भीड़ आई है, इसे लेकर उत्साहित स्वर में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज ने कहा कि यह वास्तव में ऐतिहासिक जन्मदिन है। अब जब पंकज भारद्वाज ने ऐतिहासिक जन्मदिन बताया तो सवाल फिर आया कि क्या आप ये कहना चाह रहे हैं कि इससे पहले कोई जन्मदिन किसी का भी ऐसा ऐतिहासिक नहीं मना है। उतने जोरदार तरीके से किसी का जन्मदिन नहीं मना। सवाल के आते ही पंकज भारद्वाज एक चतुर राजनीतिक खिलाड़ी की तरह बॉल को भांप गये और उन्होंने यह महसूस करा दिया कि एक ही जगह पर स्ट्राइक रेट नहीं रखना है और यहां से उन्होंने टर्न लिया। उन्होंने कहा कि मेरा कहने का तात्पर्य यह है कि ये भी ऐतिहासिक जन्मदिन है और पहले भी ऐतिहासिक जन्मदिन मनते रहे हैं। इसके बाद पंकज भारद्वाज ने कहा कि सभी के जन्मदिन ऐतिहासिक होते हैं और प्लीज मुझे तो इस सवाल में उलझाओ मत। इसके बाद पंकज भारद्वाज ने ऐतिहासिक के सवाल को वहीं छोड़ा और फिर दायें देखा और बायें देखा और बर्थडे की व्यवस्था में व्यस्त हो गये।

सवाल तो पंडाल में ही घूम रहा था और ऐतिहासिक जन्मदिन का ये सवाल गौरव चौपड़ा ने लपका। गौरव चौपड़ा भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष रहे हैं और उन्होंने इस सवाल पर मुखरता से जवाब दिया और कहा कि इसमें कोई डाउट नहीं है कि यह बर्थडे सेलीब्रेशन भाजपा में आज तक का सबसे ऐतिहासिक जन्मदिन है। लेकिन गौरव चौपड़ा को भी ऐतिहासिक शब्द कहने के बाद जैसे कुछ याद आया। उन्होंने भी यहां पर संशोधन प्रक्रिया अपनाई और इसमें विधायक की एन्ट्री करा दी। उन्होंने कहा कि ये जन्मदिन भी ऐतिहासिक है और वैसे मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी का जन्मदिन भी ऐतिहासिक रहा है। गौरव चौपड़ा के इस सुर में सुर अमित रंजन ने मिलाया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि विधायक अजीत पाल त्यागी का जन्मदिन ऐतिहासिक था। लेकिन आज का जन्मदिन भी ऐतिहासिक है। अभी ये सवाल घूमा ही था कि इसे भारत भाटी ने लपका और उन्होंने जवाब देने के लिए अपना हाथ उठाया। यहां पर शहर विधायक की एन्ट्री उन्होंने करा दी। उन्होंने कहा कि जहां तक ऐतिहासिक का सवाल है तो मैं स्पष्ट बता दूं कि शहर विधायक संजीव शर्मा का जन्मदिन ही ऐतिहासिक हुआ था।

अभी ऐतिहासिक जन्मदिन की बात चल ही रही थी कि यहां पर ये सवाल घूमते हुए भाजपा पार्षद अमित त्यागी के पास जा पहुंचा। अमित त्यागी भाजपा के पार्षद हैं और उन्हें अक्सर संगठन के काम दायित्व भी दिये जाते हैं और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के वो खास हैं। लिहाजा उनसे तो सवाल उठाने वाले ने ही सीधे ये कह दिया कि आप तो मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी का जन्मदिन ही खास बताओगे। अमित त्यागी पार्षद हैं और वो पोलीटिक्ल खिलाड़ी भी हैं।

वो किसी भी सवाल पर कोई ऐसा जवाब नहीं देना चाहते थे जो बाद में बवाल का कारण बने। लिहाजा उन्होंने तो सवाल वालों से ही हाथ जोड़ कर कह दिया कि जो कुछ भाई साहब आप कह रहे हैं वो ही ठीक है।

## एसआईआर अभियान में हो गये इंदिरापुरम मंडल के 38,630 वोट साफ

### हालांकि यहां संतोषजनक रहा है फार्म वापस लौट कर आने वाला ग्राफ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान में सबसे बड़ा झटका भाजपा को साहिबाबाद क्षेत्र में लगा है। यहां भाजपा की टीमें लगीं, बीएलओ लगे और उसके बाद भी रेस्पांस नहीं आया। खुद भाजपा के साहिबाबाद विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मैदान में उतरे। उन्होंने वीडियो जारी कर लोगों से अपील की। मगर यहां उम्मीदों के मुताबिक काम नहीं हुआ। इन्दिरापुरम मंडल के सात निगम वार्डों में भाजपा को झटका लगा है। यहां 38630 वोट लिस्ट से साफ हो गये हैं। ये वोट ए एस डी केस के वोट हैं। जिनमें एबसेट, शिफ्टिंग और डेथ वाला मामला है। लेकिन बड़ी संख्या में वोटों का साफ होना भाजपा के ग्राफ को डाउन कर रहा है। हालांकि यहां रिपोर्ट बताती है कि वार्ड में फार्म लौटकर आये हैं।

यहां पर अगर बात करें तो वार्ड संख्या 57 में टोटल वोट 10912 हैं और यहां वोटर लिस्ट से साफ होने वाले वोटों की संख्या 4012 है। यहां 4012 वोट घटने के बाद अब वोटो की संख्या 6900 रह गई है। जो फार्म डिजीटाईज्ड हुए थे लौटर कर आये हैं और इनकी संख्या 5498 है। इस तरह से यहां डिजीटाईज्ड फार्म का प्रतिशत 50.61 है और जो वोट ए एस डी केस में साफ हुई हैं उनका प्रतिशत 36.47 है। इस तरह से यहां डिजीटाईज्ड फार्म का प्रतिशत 81.77 है। इसी तरह वार्ड संख्या 79 में



**इन्दिरापुरम मंडल के सात निगम वार्डों में भाजपा को झटका लगा है। यहां 38630 वोट लिस्ट से साफ हो गये हैं। बड़ी संख्या में वोटों का साफ होना भाजपा के ग्राफ को डाउन कर रहा है। हालांकि यहां रिपोर्ट बताती है कि वार्ड में फार्म लौटकर आये हैं।**

टोटल वोट 22052 है। यहां जो वोट एएसडी केस में है उनकी संख्या 8952 है। अब ये वोट घटने के बाद यहां मतदाताओं की संख्या 13113 है। यहां फार्म डिजीटाईज्ड 10908 हुए हैं इस तरह से डिजीटाईज्ड फार्म का प्रतिशत 49.49रहा है। यहां 40.94प्रतिशत मतदाता एएसडी केस में वोटर लिस्ट से हटा दिये गये हैं। जो फार्म डिजीटाईज्ड होकर आये हैं उनका प्रतिशत यहां 84.28 है। इसी तरह वार्ड संख्या 81 में 22523 मतदाता हैं और यहां 7599 वोट लिस्ट से हटाये गये हैं। अब यहां 14924 वोट हैं। 10990फार्म डिजीटाईज्ड हुए हैं। इस तरह से डिजीटाईज्ड फार्म का प्रतिशत 49.57 है।

वार्ड संख्या 87 में 11606 वोटर हैं। यहां 3050 वोटर एएसडी केस में लिस्ट से कट गये। यहां अब 8554 वोटर हैं। 6166 डिजीटाईज्ड फार्म हुए हैं और इनका प्रतिशत 74.81 है। इन्दिरापुरम मंडल के ही वार्ड संख्या 98 में 23671 वोट हैं। 6798 मतदाता एएसडी केस में वोटर लिस्ट से हटा दिये गये। वर्तमान संख्या 16873 है। यहां जो फार्म डिजीटाईज्ड हुए हैं वो 12748 हैं। यह प्रतिशत 79.22 है। वार्ड संख्या 99 में वोटरों की संख्या 13308 है। यहां एएसडी केस में 2890 वोटर हटाये गये हैं। अब यहां 10418 वोटर रह गये हैं। यहां8421 फार्म डिजीटाईज्ड हुए है यह प्रतिशत 81.94 है। वार्ड संख्या 100 में 13232 मतदाता हैं। यहां 5327वोटर लिस्ट से हटाये गये हैं।

अब 7905 मतदाता बचे हैं। इनमें से 6799 फार्म डिजीटाईज्ड हुए हैं और ये प्रतिशत 85.63 है। इन्दिरापुरम मंडल का अब ग्राफ ये है कि यहां 7 वार्डो में 117304 मतदाता थे। एसआईआर के बाद 38630 मतदाता सूची से हटा दिये गये। अब यहां 78674 मतदाता हैं और इनमें से 61530 में फार्म डिजीटाईज्ड कराया है। इस तरह से ये टोटल आंकडा 80.95 प्रतिशत का है। यहां पर 32.75 प्रतिशत वोट ऐसे हैं जो एएसडी के तहत हटा दिये गये हैं।

## गाजियाबाद में दहेज हत्या के मामलों का बढ़ रहा ग्राफ, 2025 में फिर चढ़ा आंकड़ा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में दहेज हत्या के मामलों का ग्राफ लगातार चिंता बढ़ा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में जिले में 49 दहेज हत्या के मामले दर्ज हुए थे। वर्ष 2024 में इनमें गिरावट दर्ज की गई और यह संख्या 31 पर आ गई। लेकिन वर्ष 2025 में हालात फिर गंभीर होते दिख रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक 15 नवंबर 2025 तक दहेज हत्या के 32 मामले दर्ज हो चुके थे और इसके बाद बीते दिनों पांच और मुकदमे दर्ज हुए हैं, जिसके चलते यह संख्या और ऊपर पहुंच गई है। बढ़ते मामलों ने पुलिस और प्रशासन दोनों की चिंता बढ़ाई है। महिला अपराधों पर रोकथाम के लिए कमिश्नरेट गाजियाबाद में पिछले महीने एक माह तक मिशन शक्ति अभियान भी चलाया गया था, जिसके तहत लगातार जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं से संवाद, सुरक्षा संबंधी वर्कशॉप और सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया गया। इसके बावजूद कुछ थानों में दहेज हत्या और महिला उत्पीड़न के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं।

### महिला अपराध रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त केशव चौधरी ने की महत्वपूर्ण बैठक



करंट क्राइम : बुधवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराधी केशव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। इस बैठक में महिला थाना, थाना नंदग्राम, कविनगर, वेवसिटी, साहिबाबाद, क्रॉसिंग रिपब्लिक, इंदिरापुरम और लिंक रोड के मिशन शक्ति केंद्रों के प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक में महिला सुरक्षा और महिला संबंधी अपराधों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। एसीपी चौधरी ने केंद्रों के रजिस्टर, दस्तावेज और अभिलेखों की जांच की तथा आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिया किमिशन शक्ति केंद्रों पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रिपोर्टिंग सुनिश्चित हो।थानों में पीड़ित महिलाओं की तत्काल सुनवाई और काउंसलिंग की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। दहेज हत्या एवं गंभीर अपराधों के मामलों में पुलिस की निगरानी और कार्रवाई तेज हो। गोष्ठी में सलोनी अग्रवाल एसीपी महिला अपराध उपस्थित रहीं। एडिशनल सीपी का कहना है कि लगातार मॉनिटरिंग, जागरूकता और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से महिला अपराधों को नियंत्रित करने के प्रयास तेज किए गए हैं।

## मयंक गोयल के बर्थडे की सफलता से निकला ये पैगाम - अगर तुम डाल-डाल हो तो अब हम भी हैं पात-पात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कोई भी कदम व्यर्थ नहीं उठाया जाता है। राजनीति में हर कदम का एक अर्थ होता है। राजनीतिक व्यक्ति जीवन के हर पहलू में सियासत का गुणाभाग लगा लेता है। मौका खुशी का हो, गम का हो वो अपनी गणना अपना हिसाब लगा लेता है। राजनीति में विवाह हो, बर्थडे हो या कोई भी ओकेजन हो लेकिन इसमें कद के हिसाब से सब चीज देखी जाती है। राजनीतिक व्यक्ति का काम हो रहा है तो फिर यहां लोगों की संख्या देखी जाती है। यहां भीड़ देखी जाती है। यहां सियासत के खास चेहरे देखे जाते हैं। सड़क पर लगा जाम देखा जाता है और घर के बाहर कारों की कतारें नोट होती हैं। और फिर राजनीति में इन सबका एक निचोड़ होता है। ये भी चर्चा होती है कि कौन फलां नेता के यहां आया और कौन नहीं आया। कार्यक्रम कैसा भी हो उसकी तैयारी की चर्चा होती है। व्यवस्था कैसी है ये देखा जाता है। जन्मदिन है तो घर के बाहर से लेकर दूर तक लगे होर्डिंग देखे जाते हैं। कुल मिलाकर सार ये है कि राजनीति में सब देखा जाता है। राजनीतिक व्यक्ति अपने कार्यक्रमों से अपनी सियासत का कद सैट करता है। वो अपने टारगेट तय करता है। उसे ये पता चलता है कि उसके एक निमंत्रण पर उसके एक अनुरोध पर कितना बड़ा सैलाब आ सकता है। ये सब कुछ तय करता है उस व्यक्ति पर जिसके यहां कार्यक्रम हो रहा है। ऐसा नहीं है केवल पद से ही कुछ होता है, राजनीति में किसी भी नेता का कद भी होता है। कई बार संगठन के चेहरे हों या सरकार के चेहरे हों, उनके भी कार्यक्रम फ्लॉप हो जाते हैं। कई बार बड़े कद वाले भी पीछे रह जाते हैं। भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का जन्मदिन बुधवार को



आया और अपने साथ कई संदेश लेकर आया। मयंक गोयल का जन्मदिन वास्तव में सफल रहा और यहां से एक संदेश भी निकला कि अगर तुम डाल डाल हो तो हम भी पात पात हैं। मयंक गोयल का जन्मदिन सेलीब्रेशन लिहाज से सफल रहा। ऐसा नहीं है कि केवल पद के हिसाब से ही मयंक गोयल के कद को नापा जायेगा। मयंक गोयल अपने आप में विरासत लिए हुए हैं। संघ पृष्ठभूमि की आती है तो शहर में सबसे पहले उनके परिवार का नाम आता है। वैश्य समाज की बात करें तो ये शहर का प्रतिष्ठित परिवार है और मयंक गोयल इसी परिवार से आते हैं। मयंक गोयल की माता स्वर्गीय दमयंती गोयल गाजियाबाद की प्रथम महिला मेयर रही हैं। मयंक गोयल के दादा बनवारी



लाल गाजियाबाद शहर की एक प्रतिष्ठित हस्ती हैं। उनके पिता महेश गोयल एक सफल कारोबारी और प्रतिष्ठित समाजिक हस्ती हैं। इस परिवार का अपना ही संबंधों का ताना बाना है। लिहाजा ऐसे में जन्मदिन पर मयंक गोयल एक संदेश देने में सफल रहे हैं। वो यहां यह साबित करने में सफल रहे हैं कि उनका अपना मैनेजमेंट है। उनके अपने लोग हैं और उनकी भी एक टीआरपी है। मयंक गोयल का ये जन्मदिन का जश्न बल्कि सफलतम जश्न कहा जायेगा। बुधवार को उनका जन्मदिन था और मंगलवार की रात से ही उनके समर्थकों का जश्न शुरू हो गया था। रात्रि के 12 बजते ही समर्थकों ने जन्मदिन की खुशी में आतिशबाजी करनी शुरू कर दी थी, बधाईयों का दौर शुरू हो गया था और फेसबुक पर पोस्ट आने लगी थी। मयंक गोयल का अशोक नगर वाला आवास बुधवार को खास रहा। नासिरपुर से लेकर होली चाईल्ड तक यातायात जाम रहा। यहां दूर तक वाहनों की कतारें थी और उनके घर पर उन्हें जन्मदिन की बधाई देने वालों का एक तांता लगा हुआ था। आम कार्यकर्ता पहुंचे तो यहां पर खास चेहरे भी दिखाई दिये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उन्हें बधाई देने के लिए पहुंचे। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप पहुंचे तो मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी पहुंचे और उन्होंने मयंक गोयल को जन्मदिन की बधाई दी। शहर विधायक संजीव शर्मा भी बधाई देने पहुंचे, भले ही वो काफी देर से पहुंचे लेकिन उन्होंने मयंक गोयल को उनके जन्मदिन की बधाई उनके आवास पर जाकर दी। सबसे खास बात ये रही कि गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरूण भी गाजियाबाद आये और उन्होंने भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को उनके घर पर जाकर जन्मदिन की बधाई दी। खास चेहरों के अलावा भाजपा के पार्षद पहुंचे। भाजपा के मंडल अध्यक्ष पहुंचे और भाजपा की महिला राजनीति के कई चेहरे यहां जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। ये टीआरपी का पंच था कि यहां पर मयंक गोयल को दो मंच लगाने पड़े। एक मंच उनके घर के बाहर लगा और एक मंच घर के अंदर लगा। लोग आते गये, सैलाब बनता गया और लोगों की भीड़ से एक बड़ा संदेश राजनीति का मयंक गोयल के घर से निकला। क्राउड है तो राजनीति का प्राउड है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से जब करंट क्राइम ने ये पूछा कि इतनी भीड़ का संदेश आप क्या मानते हैं तो वो मुस्कुराये और उन्होंने कहा कि मैं मयंक गोयल को उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देता हूं। हालांकि यहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जन्मदिन पर आई भीड़ और इसके विधायक चुनाव वाली बात पर नो कमेंट वाला लहजा अपनाया और इस बात पर वो साईलेंस साध गये। बर्थडे के पीछे भले ही शक्ति प्रदर्शन माना जा सकता है। क्योंकि यहां उनके समर्थकों ने उनके त्रिदेव वाले होर्डिंग लगाये। बड़ी बात ये थी कि ये होर्डिंग शहर विधानसभा वाले क्षेत्र में ही लगाये गये। एक संदेश जो दिया जाना था वो दिया गया। वैसे भी यहां से एक वैश्य संदेश निकला है क्योंकि शहर सीट की बात करें तो यहां वैश्य चेहरे ही रहें हैं। बालेश्वर त्यागी को हराकर यहां कांग्रेस के सुरेन्द्र गोयल ने वैश्य कार्ड को स्थापित किया। उसके बाद यहां सुरेश बंसल बसपा से विधायक रहे और फिर लगातार दो बार अतुल गर्ग चुनाव जीते। ऐसे में जन्मदिन पर आई भीड़ शहर विधानसभा में त्रिदेव के होर्डिंग और इसका सीधा संदेश साफ है और वो ये है कि चुनावी रेस का जब समय आयेगा तो मेरा भी फेस प्रमुखता से रहेगा और जहां तक बात अब चुनावी तरकश के तीरों की है तो अगर तुम डाल डाल हो तो हम भी पात पात है। भीड़ से हमने अपना जलवा दिखा दिया है और एहसास भी करा दिया है कि हमारी भी टीआरपी है हमारे पास भी लोग है।

## संपादकीय

# हस्तशिल्प में मूक क्रांति

भारत के हस्तशिल्प में एक मूक क्रांति आ रही है। कारीगर अब पारंपरिक उत्पादों के साथ-साथ आधुनिक जरूरतों के लिए भी वस्तुएं बना रहे हैं। यह बदलाव राष्ट्रीय नेतृत्व और सरकारी पहलों से गति पकड़ रहा है। 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टु ग्लोबल' जैसे नारे कारीगरों को सशक्त बना रहे हैं। पबित्रा मार्गेरिटा ग्रामीण असम में शिल्पकारों की एक बस्ती की हाल की यात्रा के दौरान एक सामान्य से दृश्य में भारत के हस्तशिल्प तंत्र में आ रहे गहरे बदलाव की झलक दिखाई दी। अनेक शिल्पकार सूखी हुई जलकुंभी को बुन रहे थे। लेकिन ये शिल्पकार वे परंपरागत टोकरियां नहीं बना रहे थे जिन्हें उनका समुदाय सदियों से बुनता आ रहा है। इसके बजाय वे कॉरपोरेट बैठकों के लिए खूबसूरत ऑफिस फोल्डर बना रहे थे। उनके हाथ पीढ़ियों से जारी कला को आगे बढ़ाते हुए चिर परिचित लय में चल रहे हैं, लेकिन उनके उत्पाद और उद्देश्य, दोनों बदल चुके हैं।

हम 8 से 14 दिसंबर तक राष्ट्रीय हस्तशिल्प सप्ताह मना रहे हैं। ऐसे में, यह दृश्य भारत के हस्तशिल्प परिदृश्य में एक मूक क्रांति का प्रतीक है। हमारी जीवंत हस्तशिल्प परंपराओं में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है। उनका नई जगहों, नए बाजारों और नूतन भविष्य में विस्तार हो रहा है। मूल विशेषताओं की शुद्धता बरकरार रहने के बावजूद माध्यमों और स्वरूपों में जो विकास हो रहा है उसकी कल्पना एक दशक पहले शायद ही की जा सकती थी। जीवंत ज्ञान प्रणाली भारतीय हस्तशिल्प सिर्फ सुंदरता की वस्तु नहीं रहे हैं। वे सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक परंपराओं में गहराई से रची-बसी जीवंत ज्ञान प्रणालियां हैं। मधुबनी में महिलाएं परंपरागत तौर पर त्यौहारों, शादियों और जीवन संस्कारों के दौरान ताजा लेपी गई दीवारों पर चावल के पेस्ट से पेंटिंग बनाती थीं। इन चित्रों में मछली को जनन क्षमता और मोर को प्रेम का प्रतीक माना जाता था। चित्रण अपने मूल में व्यक्तिगत के बजाय सामूहिक हुआ करता था। गोंड समुदाय के लिए पेंटिंग उसके जीव संबंधी विश्वासों तथा जंगलवासी प्राकृतिक शक्तियों और रक्षा करने वाली आत्माओं से जुड़ी है। उनकी कला सिर्फ सुंदर ही नहीं, बल्कि वाचक परंपरा में जड़ों वाला अनुष्ठानिक ब्रह्मांड विज्ञान भी है।

परंपरा का विस्तार आज जो हो रहा है, वह परंपरा से अलग नहीं, बल्कि उसका विस्तार है। मूलभाव, पैटर्न और तकनीकें अभी भी पहचानी जा सकती हैं, लेकिन उनके प्रयोग आश्चर्यजनक रूप से समकालीन हो गए हैं। यह बदलाव बहु-आयामी है। मधुबनी की मछली, जो कभी एक बड़ी प्रजनन कथा का हिस्सा हुआ करती थी, अब तकिए, टोट बैग और फोन कवर पर दिखाई देती है। गोंड के गहरे रंगों वाले जानवर और पौधे और ज्यामिति डिजाइन आज अपने पौराणिक संदर्भ से बाहर भी सराहे जाते हैं। परिवर्तन को गति इस परिवर्तन को राष्ट्रीय नेतृत्व और रणनीतिक सरकारी हस्तक्षेपों से महत्वपूर्ण समर्थन मिला है।

## लगातार तीसरे दिन लाल निशान में बाजार

# सेंसेक्स 275 अंक और निफ्टी 81 अंक टूटकर एक महीने के निचले स्तर पर बंद



**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 275.01 अंक गिरकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 81.65 अंक गिरकर 25,758.00 अंक पर आ गया। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीसरे दिन गिरकर लगभग एक महीने के निचले स्तर पर बंद हुए।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 275.01 अंक या 0.34 प्रतिशत गिरकर 84,391.27 अंक पर बंद हुआ, जो 11 नवंबर के बाद से नहीं देखा गया था। दिन के दौरान, इसने 85,020.34 का उच्चतम स्तर और 84,313.62 का न्यूनतम स्तर छुआ।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 81.65 अंक या 0.32 प्रतिशत गिरकर 25,758.00 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 25,947.65 का उच्च स्तर और 25,734.55 का निम्न स्तर छुआ। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 9 पैसे गिरकर 89.96 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 61.92 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.03 प्रतिशत गिरकर 61.92 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को 3,760.08 करोड़ रुपये के इक्विटी के शुद्ध विक्रेता रहे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 6,224.89 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। मंगलवार को, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 436.41 अंक गिरकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर 84,666.28 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120.90 अंक गिरकर 25,839.65 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटरनल, ट्रेंट, भारती एयरटेल, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स पिछड़ गईं। वहीं, टाटा स्टील, सन फार्मास्युटिकल्स, आईटीसी, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावरग्रिड और एशियन पेंट्स लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

### इन कारणों से बाजार में दिखी अनिश्चितता

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि लगातार विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निकासी, रुपये की कमजोरी और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के आसपास की अनिश्चितता के कारण भारतीय बाजारों ने वैश्विक सतर्कता को प्रतिबिंबित किया। निकट भविष्य में, बाजार की दिशा केंद्रीय बैंक के संकेतों और व्यापारिक घटनाक्रमों पर स्पष्टता से प्रभावित होगी।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स, जापान का निक्केई 225 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि हांगकांग का हैंग सेंग हरे निशान में समाप्त हुआ। यूरोपीय बाजार व्यापक रूप से गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। मंगलवार को रात भर के कारोबार में वॉल स्ट्रीट में भी व्यापक गिरावट दर्ज की गई।

# भारत ने ओमान और न्यूजीलैंड के साथ एफटीए वार्ता अंतिम चरण में पहुंचाई चिली-इस्राइल से समझौते भी जल्द



**नई दिल्ली।** भारत ने ओमान और न्यूजीलैंड के साथ एफटीए की वाताओं को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, न्यूजीलैंड के मंत्री टॉड मैक्ले दिल्ली आ रहे हैं ताकि वार्ता फाइनल की जा सके, जबकि ओमान के साथ सीईपीए कैबिनेट मंजूरी की प्रक्रिया में है। भारत की एफटीए प्रक्रिया चिली और इस्राइल के साथ भी आगे बढ़ रही है।

ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता अपने अंतिम चरण में है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों के जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

उन्होंने यह भी संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ व्यापार समझौता भी जल्द पूरा होने वाला है। गोयल ने बताया कि न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को दिल्ली आने वाले हैं, ताकि दोनों देशों के बीच एफटीए वाताओं को अंतिम रूप दिया जा सके। वहीं, ओमान के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) पर तीन प्रमुख दौरों में सहमति बनने के बाद अब कैबिनेट मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है।

इन देशों के साथ भी वार्ता जारी

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, ओमान के साथ सीईपीए पर 2023 से 2025 तक पांच दौरे की लंबी बातचीत के बाद टेक्स्ट और बाजार पहुंच को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बन चुकी है। अब अंतिम कैबिनेट नोट संबंधित मंत्रालयों को भेजा गया है और दोनों पक्ष आंतरिक मंजूरियों की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

इस बीच, गोयल ने बताया कि इस्राइल के साथ भी व्यापार वार्ता तेज हो गई है। भारत और इस्राइल ने 2025 में टीओआर (संदर्भ की शर्तों) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद एफटीए वार्ता के औपचारिक पुनरारंभ की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

भारत ने हाल के महीनों में कई देशों के साथ एफटीए वाताओं में तेजी लाई है। मालदीव के साथ जुलाई 2025 में टीओआर पर हस्ताक्षर किए गए, और अब दोनों देश औपचारिक बातचीत शुरू कर चुके हैं। इसी तरह भारत और कतर के बीच भी टीओआर को अंतिम रूप देने की कवायद जारी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अजेर्टीना में एक व्यक्ति ने 7000 पेड़ों को इस आकार में उगाया जैसे एक गिटार हो। इसे उसने अपनी पत्नी को गिफ्ट दिया है।
- साओ पालो में 110 एकड़ का एक ऐसा आइलैंड है, जहां 4000 सांप रहते हैं। दुनिया का सबसे खतरनाक आइलैंड माना जाता है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।

## मांग बढ़ी, क्षमता कम: स्पाइसजेट 100 अतिरिक्त उड़ानें शुरू कर बाजार में भरेगी खाली जगह



**नई दिल्ली।** इंडिगो में परिचालन बाधाओं के बीच स्पाइसजेट ने शीतकालीन सत्र में विस्तार की घोषणा करते हुए 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की योजना बनाई है। एयरलाइन का कहना है कि प्रमुख रूटों पर बढ़ती मांग और बाजार में क्षमता की कमी को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

देश की घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट इस शीतकालीन सत्र में अपने परिचालन का विस्तार करने की तैयारी में है। कंपनी ने घोषणा की कि वह 100 अतिरिक्त दैनिक उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है, ताकि मौजूदा विमानन बाजार में क्षमता की कमी को दूर किया जा सके।

### इंडिगो संकट के बीच स्पाइसजेट की घोषणा महत्वपूर्ण

स्पाइसजेट ने बयान में कहा कि प्रमुख रूटों पर हवाई यात्रा की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू की जा रही हैं। नई उड़ानें नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद शुरू की जाएंगी। इंडिगो में चल रही परिचालन बाधाओं के बीच यह कदम एयरलाइन उद्योग में क्षमता संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

दो महीनों में 17 विमानों को किया शामिल

एयरलाइन ने बताया कि पिछले दो महीनों में उसने 17 विमानों को सक्रिय सेवाओं में शामिल किया है, जिनमें डैम्प-लीज पर लिए गए विमान और उसके अपने पुराने विमान शामिल हैं जिन्हें दोबारा सेवा में लाया गया है।

स्पाइसजेट के अनुसार, बेड़े में इस बढ़ोतरी से कंपनी को उच्च मांग वाले रूटों पर अतिरिक्त क्षमता तैनात करने और नेटवर्क को अधिक लचीला बनाने में मदद मिलेगी। एयरलाइन ने कहा कि मौजूदा शेड्यूल अवधि के दौरान हमारा लक्ष्य अधिक विमान शामिल करना, विमान उपयोगिता को अधिकतम करना और बेहतर योजना से कनेक्टिविटी मजबूत करना है।

## रघुराम राजन का दावा: ट्रंप के 50% टैरिफ का कारण रूस से तेल नहीं बल्कि पाकिस्तान को लेकर दिए बयान पर भारत का रुख था



**नई दिल्ली।** पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन ने दावा किया है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाने की वजह रूसी तेल आयात नहीं थी। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के अनुसार, राजन का कहना है कि यह कदम पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम पर ट्रंप की टिप्पणी का भारत द्वारा समर्थन न करने के कारण उठाया गया था।

अमेरिका की ओर से भारतीय सामान पर लगाए गए भारी टैरिफ को लेकर पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन के बयान ने नई बहस खड़ी कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में राजन कहते हुए नजर आए हैं कि ट्रंप प्रशासन ने 50% टैरिफ रूस से तेल खरीद को लेकर नहीं, बल्कि भारत द्वारा ट्रंप की पाकिस्तान को लेकर की गई टिप्पणी का समर्थन न करने की वजह से लगाया।

### पाकिस्तान ने ट्रंप के हर दावे का किया समर्थन

राजन ने स्विट्जरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिख में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए संघर्ष विराम पर ट्रंप ने जिस तरह दावा किया था कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को बातचीत के लिए मनाया, भारत ने उस दावे का समर्थन नहीं किया। इसके उलट पाकिस्तान ने इस दावे पर कोई आपत्ति नहीं जताई। राजन के मुताबिक भारत ने ट्रंप के बयान पर सहमति नहीं जताई, इसलिए भारत पर 50% टैरिफ लगाया गया, जबकि पाकिस्तान साथ खेला और उसे केवल 19% शुल्क झेलना पड़ा। यह वीडियो 4 दिसंबर का बताया जा रहा है, वीडियो के सामने आने के बाद इंटरनेट पर कई यूजर्स ने राजन पर सच तोड़ने-मरोड़ने और भारत को कमजोर दिखाने का आरोप लगाया है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : पप्पू, तुम होमवर्क क्यों नहीं करते?
पप्पू : मैडम, पेंसिल टूट गई थी।
टीचर : और शार्पनर?
पप्पू : वो तो मैं भूल गया था कि है भी!

-----------------------------

पत्नी : सुनो जी, मैं कैसी लग रही हूँ?
पति : बहुत प्यारी!
पत्नी : झूठ मत बोलो!
पति : अच्छा ठीक है प्यारी जैसा नहीं लग रही!

-----------------------------

दोस्त : भाई, तेरे घर से सुबह इतनी आवाज क्यों आ रही थी?
गोलू : अलार्म बज रहा था।
दोस्त : उठे क्यों नहीं?
गोलू : अलार्म मेरा था, नींद बीवी की थी!

-----------------------------

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे नींद कम आती है!
डॉक्टर : रात को टीवी देखते हो?
मरीज : हाँ!
डॉक्टर : तो फिर नींद नहीं, टीवी की आदत है!

## 11 12 2025 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन




**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# दक्षिण अफ्रीका के कोच एशवेल प्रिंस ने अपने बल्लेबाजों को लगाई लताड़



**कटक।** दक्षिण अफ्रीका के भारत के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपने न्यूनतम स्कोर 74 रन पर आउट होने के बाद उसके बल्लेबाजी कोच एशवेल प्रिंस ने कहा कि उनके बल्लेबाज भारत के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण की चुनौती का जवाब देने में नाकाम रहे।

वहीं, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका सहज रवैया खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 12.3 ओवर में आउट हो गई और इस तरह से भारत ने 101 रन से बड़ी जीत हासिल की। भारत और श्रीलंका में अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए यह चिंता का विषय है।

**कोच एशवेल प्रिंस ने कही यह बात:** प्रिंस ने मैच के बाद कहा, 'इस तरह के बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद जाहिर है कि यह एक ऐसा विभाग है जिसमें हमें जल्द से जल्द सुधार करना होगा। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण बहुत मजबूत है और उन्होंने हमारे बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की। हमारे बल्लेबाज इस चुनौती का जवाब देने में नाकाम रहे।'

प्रिंस ने इस मैच में करारी हार के लिए बल्लेबाजों को दोषी ठहराते हुए कहा कि पिच मिल रही उछाल को बहाना नहीं बनाना चाहिए क्योंकि वे अपने घरेलू मैदानों पर उछाल भरी विकेटों पर खेलने के आदी हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट में 180 से कम का कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विकेट से थोड़ी उछाल मिल रही थी लेकिन दक्षिण अफ्रीका में हम इस तरह के विकेट पर खेलने के आदी हैं। भारतीय गेंदबाजों ने हमारे सामने चुनौती पेश की और हम उसका जवाब नहीं दे पाए।'

**प्रिंस ने मैच के बाद कहा, 'इस तरह के बल्लेबाजी प्रदर्शन के बाद जाहिर है कि यह एक ऐसा विभाग है जिसमें हमें जल्द से जल्द सुधार करना होगा।'**

इस मैच में अर्धशतक जड़ने वाले हार्दिक पंड्या की जमकर तारीफ करते हुए प्रिंस ने कहा कि यह ऑलराउंडर शांत स्वभाव का है और छक्के लगाने में माहिर है। उन्होंने कहा, 'हार्दिक ने शानदार पारी खेली। मुझे लगता है कि हमें उन्हें बहुत श्रेय देना चाहिए। वह चोट से उबरकर वापस आए हैं और उन्होंने अच्छी वापसी की। उन्होंने हमारे गेंदबाजों को दबाव में रखा।'

## भारतीय गेंदबाजों की तारीफ की
## स्टेन ने की सूर्यकुमार की तारीफ

स्टेन ने जियोस्टार पर कहा, 'जब आपको अपनी टीम का समर्थन मिल रहा होता है और आप अपने माहौल में सहज महसूस करते हैं, तो आप अपने खिलाड़ियों के साथ खुलकर बातचीत कर सकते हैं। आपको अपनी जगह या कप्तानी को लेकर कोई खतरा महसूस नहीं होता।' उन्होंने कहा, 'जब आप टीम को सर्वोपरि रखते हैं। जब आप यह कहते हैं किसी खिलाड़ी के लिए व्यक्तिगत रूप से सर्वश्रेष्ठ क्या है। टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। हर कोई इसी तरह का कप्तान चाहता है, जो आत्मविश्वास से भरा हो, मिलनसार हो और व्यापक हित के लिए समायोजन करने को तैयार हो। चाहे यह सिर्फ एक मैच या सीरीज के लिए ही क्यों न हो, यह लचीलापन आपके खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को सामने लाता है।' स्टेन ने कहा, 'इसलिए जब वह किसी से कहते हैं, आज तुम तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी नहीं कर सकते, मुझे तुम्हारी जरूरत छठे नंबर पर है तो बल्लेबाज समझ जाता है क्योंकि कप्तान ने पहले भी उसका साथ दिया है। यह कप्तानी का बहुत अच्छा गुण है।'

## 'बड़े मैचों में दिक्कत होगी...'
## कोहली-रोहित को लेकर गंभीर को हरभजन सिंह की चेतावनी!

**नई दिल्ली।** हरभजन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब गौतम गंभीर और टीम मैनेजमेंट को लेकर चर्चा है कि क्या युवा टीम तैयार की जाए या रोहित-कोहली को अगले वर्ल्ड कप तक बरकरार रखा जाए? हरभजन का संदेश स्पष्ट है कि अनुभव को नजरअंदाज करोगे तो नुकसान तय है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार वनडे सीरीज के बाद पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के समर्थन में बड़ा बयान दिया है। उनका कहना है कि 2027 वर्ल्ड कप टीम में सबसे पहले जिन दो खिलाड़ियों के नाम लिखे जाने चाहिए, वह रोहित और कोहली हैं।

दोनो दिग्गजों ने हालिया सीरीज में दमदार प्रदर्शन किया है। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो बेहतरीन अर्धशतक लगाए, जबकि विराट ने लगातार दो शतक जमाए और इसके बाद विशाखापत्तनम में एक और शानदार हाफ सेंचुरी खेली। हरभजन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि टीम प्रबंधन, जिसमें हेड कोच गौतम गंभीर और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर शामिल हैं, को अनुभव की जगह युवाओं को तरजीह देने की गलती नहीं करनी चाहिए।

हरभजन ने साफ कहा कि रोहित और कोहली जैसे बड़े खिलाड़ियों का विकल्प मिलना आसान नहीं है। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर गंभीर को चेतावनी देते हुए कहा, 'क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली से बड़े और बेहतर खिलाड़ी हैं? अगर नहीं, तो उन्हें साइडलाइन क्यों करना? टीम को इनके आसपास बनाइए। उन्होंने आगे कहा कि दोनों खिलाड़ी अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे और आने वाले वर्ल्ड कप में भारत की बल्लेबाजी की रीढ़ बन सकते हैं।

## आईपीएल के बाद अब द हंड्रेड में कोच की भूमिका निभाएंगे दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अब विदेशी लीग में कोच की भूमिका नजर आएंगे। उन्होंने द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट के साथ जुड़ने का फैसला किया है।

भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल के बाद अब इंग्लैंड में द हंड्रेड टूनार्मेंट में भी कोच की भूमिका निभाएंगे। कार्तिक को द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट का मेंटर और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की है। कार्तिक आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा हैं और अब वह अन्य विदेशी लीग में भी कोच की भूमिका निभाएंगे।

अन्य लीग में खेलते हैं कार्तिक लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक मो बोबाट ने एक बयान में कहा, 'दिनेश कार्तिक का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है।

## एडिलेड टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा- हमें लगता है कि कमिंस जितना संभव हो सकता है, उतनी अच्छी तरह तैयार होंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम सीरीज में 2-0 की बढ़त बना चुकी है। उसने पर्थ में पहला टेस्ट और गाबा में दूसरा टेस्ट आठ-आठ विकेट से जीता है।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एशेज टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कप्तान पैट कमिंस की वापसी सबसे बड़ा आकर्षण है।

कमिंस पिछले कुछ महीनों से निचले कमर दर्द के कारण टीम से बाहर चल रहे थे और आखिरी बार जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर खेले थे। अब उन्हें एडिलेड में 17 दिसंबर से शुरू होने वाले मुकाबले के लिए टीम में शामिल किया गया है।



**तीसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम:** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रैंडन डॉगेट, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, माइकल नेसर, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, जेक वेदराल्ड, ब्यू वेबस्टर।

### ब्रिस्बेन टेस्ट के बाद टीम में केवल एक बदलाव

ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की थी। इस जीत के बाद टीम लगभग अपरिवर्तित रखी गई है और केवल कमिंस को जोड़ा गया है।

टीम में दबाव में चल रहे ओपनर उस्मान ख्वाजा को भी फिर से मौका दिया गया है। वह बैक इंजरी के कारण दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे, लेकिन अब तीसरे मैच के लिए स्क्वॉड में अपनी जगह बनाए हुए हैं।

### लियोन की प्लेइंग-11 में वापसी की संभावना

ब्रिस्बेन के डे-नाइट टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने ऑल-सीम अटैक अपनाया था और स्पिनर नाथन लियोन को बाहर कर दिया गया था। लेकिन एडिलेड ओवल की पिच को देखते हुए माना जा रहा है कि लियोन की प्लेइंग इलेवन में वापसी लगभग तय है।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान दौरे की तैयारियों की समीक्षा की; PCB ने हैदर पर लगा प्रतिबंध हटाया

**कराची।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) का एक प्रतिनिधिमंडल उनकी टीम के जनवरी में तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से पहले सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए लाहौर में है।

प्रतिनिधिमंडल में एक स्वतंत्र सुरक्षा सलाहकार और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का एक अधिकारी शामिल है। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बल्लेबाज हैदर अली पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है, जिन्होंने सितंबर में मैनचेस्टर में बलात्कार के आरोपों से बरी होने के बाद से किसी भी तरह का प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम अगले साल दौरा करेगी**

ऑस्ट्रेलिया अगले साल की शुरूआत में पाकिस्तान का दौरा करेगा और दो चरणों में सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगा। पहले चरण में जनवरी में तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अभी तक इस सीरीज के कार्यक्रम की घोषणा नहीं की है, लेकिन लगता है कि तीनों मैच लाहौर में ही खेले जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम में लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और उस होटल का दौरा शामिल है जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम ठहरेगी। वे पीसीबी अधिकारियों तथा सरकारी और सुरक्षा प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे।



ऑस्ट्रेलिया अगले साल मार्च में तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए फिर से पाकिस्तान का दौरा करेगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि वनडे सीरीज को फिलहाल स्थगित किया जा सकता है और इसका आयोजन 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप से पहले किसी समय हो सकता है।

**हैदर अली पर लगा प्रतिबंध हटा:** पीसीबी ने बुधवार को पुष्टि की कि अली उन नौ पाकिस्तानी खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दिया गया है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, 'खिलाड़ियों को 23 जनवरी तक इस प्रतियोगिता में खेलने की अनुमति दे दी गई है।'

पाकिस्तान के लिए 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने वाले अली तब पाकिस्तान शाहीन टीम (पाकिस्तान ए) के साथ इंग्लैंड दौरे पर थे जब ब्रिटेन में जन्मी एक पाकिस्तानी महिला ने मैनचेस्टर शहर की पुलिस में उनके खिलाफ बलात्कार का आरोप लगाया।

पीसीबी ने जांच के नतीजे आने तक अली को निलंबित कर दिया था। मैनचेस्टर पुलिस ने 25 सितंबर को यह मामला बंद कर दिया था। पीसीबी ने मोहम्मद नवाज, अबरार अहमद, साहिबजादा फरहान, फहीम अशरफ, हुसैन तलत, ख्वाजा नफे और एहसानाउल्लाह को भी बांग्लादेश प्रीमियर लीग में खेलने के लिए एनओसी जारी की है। पाकिस्तान की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज उमर अकमल को एनओसी देने से इनकार कर दिया गया है।

## हार्दिक पांडेया किया प्यार का इजहार, फिदा हुईं माहिका शर्मा

**कटक।** भारत ने कटक टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 101 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाकर शानदार शुरूआत की। इस मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण रहे हार्दिक पांड्या, जिन्होंने इंजरी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जबरदस्त वापसी की। हार्दिक ने 28 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए और गेंदबाजी में डेविड मिलर का अहम विकेट लिया। उनके प्रदर्शन के दम पर उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप ने भी शानदार प्रदर्शन किया और दक्षिण अफ्रीका की टीम 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 74 पर सिमट गई।

हार्दिक ने इस मैच में टी20 इंटरनेशनल में 100 छक्के पूरे कर नया माइलस्टोन भी बनाया। एशिया कप के दौरान लगी क्वाड्रिसेप्स इंजरी के कारण वे दो महीनों से अधिक समय तक बाहर थे। इलाज और रिकवरी के लिए वे बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में लंबे समय तक रहे।



मैच के बाद बीसीसीआई को दिए इंटरव्यू में हार्दिक ने अपने मुश्किल दौर का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'इंजरी आपको मेंटली टेस्ट करती है, कई बार दिमाग में संदेह भी आता है। मेरी सफल वापसी का बड़ा क्रेडिट मेरे प्रियजनों को जाता है।'

**हार्दिक अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में भारत के लिए अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। हालांकि, इससे पहले उन्होंने अपने और माहिका के रिलेशनशिप पर मुहर लगा दी है। उन्होंने कटक टी20 के बाद माहिका के लिए प्यार का इजहार किया। माहिका ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है।**

इसी दौरान उन्होंने एक खास नाम शामिल किए बिना अपनी पार्टनर माहिका शर्मा की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'मेरे पार्टनर को खास धन्यवाद। जब से वह मेरी जिंदगी में आई हैं, तब से मेरी जिंदगी में बहुत अच्छी चीजें हो रही हैं।' इसके बाद माहिका ने भी बीसीसीआई के वीडियो पर रिएक्ट किया और कमेंट में लिखा, 'तुम्हारे जैसा कोई नहीं मेरे राजाङ्क'। इससे दोनों के रिश्ते पर मुहर लग गई है। माहिका ने इंस्टाग्राम स्टोरी में हार्दिक से जुड़े चार पोस्ट शेयर किए हैं। इसमें बीसीसीआई का वह वीडियो भी शामिल है, जिसमें हार्दिक ने माहिका के प्रति प्यार का इजहार किया।

हार्दिक और माहिका की नजदीकियां पहली बार अक्तूबर में मुंबई एयरपोर्ट पर देखी गई थीं। इसके बाद उनकी बीच वेकेशन की फोटोज सामने आईं और फिर हार्दिक ने माहिका के साथ फैमिली फंक्शन की तस्वीरें भी शेयर कीं। यह सब उनके 2024 में पत्नी नताशा स्टैनकोविक से शांतिपूर्ण अलगाव के बाद आया। हाल ही में हार्दिक ने माहिका की कुछ वायरल तस्वीरों पर पैपराजी को लताड़ भी लगाई थी और निजी जीवन की मयार्दा का सम्मान करने की अपील की थी।

कटक मैच में हार्दिक ने स्पिनर केशव महाराज पर ही अटैक किया और मैच का मोमेंटम बदल दिया। उन्होंने कहा, 'अंदर से ईमानदार रहा हूं, उसी ने मुझे मजबूत बनाया। अब बस बड़े और बेहतर बनने का समय है। भीड़ मुझे देखने आती है। मैं हर बार अपना बेस्ट देना चाहता हूं।'

हार्दिक ने कहा- 'मेरी सोच यही थी कि मैं और भी मजबूत, बेहतर और ताकतवर होकर वापसी करूं। मैंने कई चीजों को गरिमा के साथ अंजाम दिया है। इससे मुझे और अधिक आत्मविश्वास मिला है, खुद पर भरोसा बढ़ा है और मुझे अपनी क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। मुझे एक खिलाड़ी के तौर पर खुद पर पूरा भरोसा है।'

हार्दिक अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में भारत के लिए अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच गुरुवार, 11 दिसंबर को मुल्लांपुर में खेला जाएगा।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को हराया, कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप में अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने लखनऊ में 2016 में इस टूनार्मेंट का खिताब जीता था, लेकिन टीम पिछले दो संस्करणों में पोडियम फिनिश करने में असफल रही थी। इस तरह नौ साल बाद भारतीय पुरुष टीम को जूनियर हॉकी विश्व कप में पदक मिला है।

शुरूआती दो क्वार्टर में भारी था अर्जेंटीना का पलड़ा भारत के लिए अंकित पाल (49वें मिनट), मनमीत सिंह (52वें मिनट) और अनमोल एक्का (58वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किए, जबकि शारदा नंद तिवारी ने 57वें मिनट में गोल दागा। पहले दो क्वार्टर में अर्जेंटीना की टीम मजबूत नजर आ रही थी और भारतीय टीम गोल करने के लिए संघर्ष कर रही थी। अर्जेंटीना के लिए निकोलस रॉड्रिग्ज ने तीसरे और सांतियागो फर्नांडेज ने 44वें मिनट में गोल दागा। दो बार चैंपियन रही है।

## 'बुमराह की बॉल पर छक्का लग जाए तो डॉक्यूमेंट्री बना...'



**एशिया कप टी20 से जुड़ा मामला: एशिया कप टी20 2025 के दौरान पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने बुमराह की गेंद पर छक्के जड़े थे। इसके बाद जब पाकिस्तान की टीम जब भारत से फाइनल हारकर घर पहुंची तो साहिबजादा फरहान पर डॉक्यूमेंट्री बनाई गई।**

**कटक।** मैच की बात करें तो भारत ने पहला टी20 101 रन से जीता। भारत ने छह विकेट गंवाकर 175 रन बनाए। हार्दिक ने 28 गेंद में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने तीन विकेट लिए। जवाब में द. अफ्रीकी टीम 74 रन पर सिमट गई।

भारत ने कटक में खेले गए पहले टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 175 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 12.3 ओवर में 74 रन पर सिमट गई। हार्दिक पांड्या की तूफानी बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी ने उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच बनाया।

हालांकि, हार्दिक से ज्यादा चर्चा भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा के एक बयान की हो रही है। आकाश बिना नाम लिए और इशारों-इशारों में पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज साहिबजादा फरहान पर निशाना साधते दिखे। आइए पूरा मामला जानते हैं।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका की पारी के चौथे ओवर में एक वक्त टीम ने दो विकेट गंवाकर 28 रन बना लिए थे। चौथा ओवर जसप्रीत बुमराह डाल रहे थे और इस ओवर की पांचवीं गेंद पर एडेन मार्करम ने छक्का जड़ा। इसके बाद ओवर की आखिरी गेंद बुमराह ने गुड लेंथ पर फेंकी। इसे मार्करम ने सामने की डिफेंस किया। बुमराह ने गेंद को रोका। तभी कमेंट्री कर रहे आकाश चोपड़ा ने कहा- बुमराह को छक्का मारना इतना आसान नहीं होता।

**आकाश का बयान हो रहा वायरल:** आकाश ने इसी पर तंज कसा, लेकिन साहिबजादा का नाम नहीं लिया। यह मजेदार वीडियो खूब वायरल हो रहा है और फैंस इसे खूब शेयर भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा- तीन छक्के पर डॉक्यूमेंट्री बना दी। मैच गया तेल लेने, लेकिन डॉक्यूमेंट्री बनानी है। वहीं, कुछ फैंस आकाश के रोस्ट करने की क्षमता की तारीफ कर रहे हैं। फैंस का दावा है कि भारत की बल्लेबाजी के दौरान भी आकाश ने अभिषेक शर्मा के बैटिंग के समय नाम लिए बिना पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी पर तंज कसा था।

## किंग कोहली की धाक, वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर दो पर पहुंचे



**दुबई।** कोहली और रोहित ने आईसीसी वनडे बैटिंग चार्ट में भारतीय वर्चस्व को और मजबूत किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोहली ने तीन मैचों में 302 रन जमाए। इनमें दो शतक शामिल हैं। वहीं, रोहित ने 146 रन बनाए। इनमें दो अर्धशतक शामिल हैं।



### अन्य देशों के खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव

दक्षिण अफ्रीका की ओर से क्विंटन डिकॉक, एडेन मार्करम और तेम्बा बावुमा की रैंकिंग में सुधार हुआ है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एशेज में दो मैचों में 18 विकेट लेकर टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर छलांग लगाई है। इंग्लैंड की खराब बल्लेबाजी के चलते हैरी ब्रूक चौथे स्थान पर खिसक गए हैं, जबकि केन विलियम्सन और स्टीव स्मिथ ने एक-एक स्थान का लाभ कमाया है।

भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में एक बार फिर अपना दबदबा दिखाया है। आईसीसी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों में भारत की बादशाहत कायम है। कोहली आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। कोहली पिछले कुछ समय से लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने के बाद उनकी रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

**कोहली का शानदार फॉर्म और रैंकिंग में इजाफा**

2021 में पाकिस्तान के बाबर आजम द्वारा नंबर एक स्थान छिनने के बाद कोहली अब पहले पायदान से सिर्फ आठ रेटिंग पॉइंट दूर हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने तीन मैचों में 302 रन जमाए। इनमें दो शतक शामिल हैं। सीरीज के आखिरी वनडे में 65* की नाबाद पारी खेलते हुए कोहली ने भारत को जीत दिलाई। इसी प्रदर्शन का असर रैंकिंग में दिखा और वह दो स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे पायदान पर पहुंच गए।

**रोहित शर्मा का दबदबा बरकरार**


भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 2024 और 2025 के दौरान वनडे में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस सीरीज में 146 रन बनाए और अपनी शीर्ष रैंकिंग कायम रखी। कोहली और रोहित ने आईसीसी वनडे बैटिंग चार्ट में भारतीय वर्चस्व को और मजबूत किया है।

**दूसरे भारतीय बल्लेबाजों की रैंकिंग**

शुभमन गिल ने भले ही उन्होंने वनडे सीरीज नहीं खेली, लेकिन वह अपने पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। वहीं कप्तानी संभाल रहे केएल राहुल दो स्थान चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह भारत के बल्लेबाजों की गहराई को दशार्ता है। वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में भी भारत का दबदबा जारी है। कुलदीप यादव तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अक्षर पटेल (13वें), अर्शदीप सिंह (20वें) और जसप्रीत बुमराह (25वें) स्थान पर पहुंचकर फायदे में रहे।

**टेस्ट रैंकिंग में भारतीयों का प्रदर्शन**

टेस्ट बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल नंबर आठ पर टिके हुए हैं, जबकि शुभमन गिल और ऋषभ पंत एक-एक स्थान ऊपर बढ़कर क्रमशः 11वें और 13वें पायदान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह पहले स्थान पर बने रहते हुए शानदार फॉर्म में हैं। उनके बाद मोहम्मद सिराज, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव भी एक-एक स्थान ऊपर आए हैं।




# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय रामवीर उपाध्याय के सुपुत्र चिराग उपाध्याय का शुभ विवाह निधि शर्मा के साथ संपन्न



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय रामवीर उपाध्याय तथा जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सीमा उपाध्याय के सुपुत्र चिराग उपाध्याय का शुभ विवाह विनोद शर्मा तथा पूनम शर्मा की सुपुत्री निधि शर्मा के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर वर वधु को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए राजनीति समाज सेवा और व्यापार जगत के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सुनील यादव के सुपुत्र रोहन यादव का शुभ विवाह इशिता के साथ धूमधाम से संपन्न





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पूर्व पार्षद सुनील यादव के सुपुत्र रोहन यादव का शुभ विवाह इशिता के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। विवाह समारोह में समाज राजनीति और विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोग मौजूद थे सभी ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सुनील यादव और उनके परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।




सुभाष शर्मा | वरिष्ठ संवाददाता

## जो घर आये को देते हैं दुत्कार वो भी लगाकर बैठ गये जनता का दरबार

केसरिया सियासत में सीन बड़े अजब और गजब के हो रहे हैं। जिन्हें जनता ने चुना था वो जनता को ही दुत्कारने लगे। किसी ने फटकार लगाई तो किसी ने कुछ ऐसा कर दिया कि पब्लिक ने गुहार लगाई। फूल वालों पर इन दिनों रूल का नशा तारी है। वो समझते हैं कि अफसरों से ज्यादा कानून का पालन कराना उनकी जिम्मेदारी है। उनका बस चले तो किसी को खुद पकड़ कर हवालात में डाल दें और किसी को जिला बदर कर दें। जो चुनाव से पहले खुद को जनता का सेवक बता रहे थे वो अब जनता का दरबार लगा रहे हैं। लोकतंत्र के ये नए बादशाह अब दरबार लगाकर समस्याऐं सुन रहे हैं। जो पब्लिक के बीच रहते हैं उनकी तो कोई बात नहीं है लेकिन जो लहर का कहर बनकर आये हैं उनकी चर्चांए शहर में हो रही हैं। सुना है जिन्होंने अपने दफ्तर से लेकर अपने घर तक कईयों को दुत्कार दिया है अब वो भी जनता का दरबार लगाकर बैठ गये हैं। वो जनता को देवतुल्य बता रहे हैं। समस्या का समाधान करा रहे हैं। तरफरी तो उन्हीं के दल के एक नेता ने ली और कहा कि जिनकी सुनता नहीं थानेदार वो भी लगाकर बैठकर गये देखो जनता का दरबार। फिर उन्होंने जुनून में आकर जून का महीना गिना ही दिया।

## शराब की दुकान खुली रहेगी और बाकी बाजार हो जायेगा सूनसान

शराब की महिमा जनता ने कोरोना काल में देख ली है। जब अर्थ व्यवस्था लड़खड़ाई थी तो शराब पीने वालों ने ही खुद लड़खड़ा कर इस लड़खड़ाती हुई अर्थ व्यवस्था को संभाल लिया था। जो पब्लिक फ्री के पांच किलो चने, चावल और गेहूं के लिए लाईन में लग रही थी जो राशन किट मांग रहे थे वो लोग शराब की दुकानें खुलते ही नकद नारायण लेकर लाईनों में लग गये थे। अब किस्से में शराब की वो दुकान है जो बाबा की राह में आती है। भगवा सियासत में दो नए डेस्टीनेशन आस-पास और एक रूट पर आ गये हैं। ऑडिटोरियम भी और स्कूल भी। लिहाजा अब आफत नासिरपुर फाटक के आस-पास की दुकानों की है। महाराज आ रहे है तो ट्रेफिक बंद हो जाये, समझ में आता है मगर पुलिस तो यहां चाय की दुकान से लेकर सीमेंट की दुकान को बंद करा देती है। लेकिन ये दुकान वाले अब पूछ रहे हैं कि हुजूर चाय में खराबी है और शराब में ऐसी क्या खूबी है कि जो हमारा रोजगार बंद कराया जाता है और शराब की दुकान खुली रहती है। बताते हैं कि यहां से बाबा कितनी बार भी गुजरें, शराब के ठेके पर कोई फर्क नहीं पड़ता। उसे बंद नहीं कराया जाता। अब इस बात को नदिया पार वाली मैडम भी समझ लें और लाईन पार वाले भी समझ लें तो बेहतर है।

## किस स्कूल की छात्राओं ने मिलकर दिया है वकील साहब के पुत्र को पीट

किस्सा शहर के एक बहुत ही प्रमुख स्कूल का है। गाजियाबाद दिल्ली से सटा है और यहां की पब्लिक भी शिक्षा पर जोर देती है और स्कूल ऐसा है कि काफी नामी माना जाता है। बताते हैं कि यहां पर छात्राओं ने अपने एक सहपाठी को ढंग से कूट दिया। चार सहेलियां मिलीं और उन्होंने लड़के सहपाठी की धुनाई कर दी। पता चला है कि चारों छात्राओं ने मार कुटाई में अपने कुछ मेल साथियों का भी सहयोग लिया था। यहां तक को ठीक था मगर कहानी में मोड तब आया जब पिटे हुए छात्र ने पूरा किस्सा अपने अधिवक्ता पिता को बताया। सुना है कि उसके बाद नोटिस नोटिस वाला सीन शुरू हो गया। अब स्कूल मैनेजमेंट चाहता है कि डैमेज को कंट्रोल किया जाये। वकील साहब चाहते हैं कि पुत्र की पिटाई का बदला लिया जाये। छात्रांए चाहती है कि इसे स्कूल से निकाल दिया जाये।




## रात में चौकियों का हाल जान लीजिए साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दिन के उजाले और शाम के वक्त तो कई जगह औचक निरीक्षण और जांच वाला अभियान हो चुका है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं की रात को होने वाली चेकिंग का हाल भी इन दिनों कई सर्किल में बेहाल चल रहा है। वहीं कहने वाले कह रहे हैं कि सर्दी का मौसम अभी पूरे जोर पर नहीं आया है लेकिन थानों और चौकियों के आसपास से शोर और पहरा खत्म हो गया है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं की रात 11 बजे ही कई इलाकों में सन्नाटा और चौकी पर ताला लग रहा है। वही सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि सिटी की दो चौकी ऐसी हैं जहां सुबह भी नौ से दस बजे के बाद ही ताला खुल पा रहा है। सिटी के अंटेशन वाले इलाके की जानकारी आई है कि एक चौकी पर तो शाम को चिकन वालों के गार्ड का कब्जा रहता है। वैसे भी वो प्रभारी जी के खास बताएं जा रहे हैं। अब या तो इलाके वाले साहब का सर्किल में मूवमेंट खत्म हो चुका है या उनके पास कोई इनफॉरमेशन पहुंच नहीं रही है।



इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी भी 2015 बैच वाले टू- स्टारों का जलवा बना हुआ है। सूत्र बता रहे हैं कि कई जगह तो इसी बैच का आज भी कब्जा है तो कई खास जगह पर भी अपनी ताल ठोकने में लगे हुए हैं। किसी टू-स्टार पर तो आशीर्वाद बरकरार है। तो कोई जुगाड़ वाला तंत्र अपना रहा है। बताया जा रहा है कि इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि अगर 12 दिसंबर तक लोकल और लखनऊ वाली लिस्ट आउट नहीं हुई, तो फिर मामला अगले साल के लिए पेंडिंग में चला जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कई एसीपी अपने साथी एसीपी के जाने या होल्ड होने के मामले पर भी नजरें जमाए हुए हैं। देखना होगा कि होता क्या है। वैसे रात वाली गश्त शुरू होनी चाहिए और रात में थानों व चौकियों पर निरीक्षण हो। वैसे इलाके वाले डीसीपी साहब लोगों को थोड़ा तो फील्ड पर आना चाहिए। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि निर्माण कार्य को लेकर लगातार बैठकों और इसकी मॉनिटरिंग का काम जारी है। सूत्र बता रहे हैं की नदिया पार में जिस थाने का लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महाराज जी ने उद्घाटन किया था, अब उसी थाने में 12 तारीख से वर्किंग शुरू हो जाएगी। अब देखना होगा कि आयोजन होगा या मामला प्रेसनोट से ही बन जाएगा।

## लक्की ड्रा में बाइक निकलने का झांसा देकर ठगे 27 हजार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** मोबाइल नंबर पर लक्की ड्रॉ में बाइक निकलने का झांसा देकर युवक से 27 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस से पीड़ित ने गुहार लगाई है। मूलरूप से बिहार निवासी पवन कुमार राधेश्याम विहार कॉलोनी में किराये के मकान में रहते है, वह गाजियाबाद की प्राइवेट कंपनी में काम करते है। पवन कुमार ने बताया कि 30 नवंबर को मोबाइल पर फोन आया, फोन करने वाले ने कहा कि आपके मोबाइल नंबर पर लक्की ड्रॉ में बाइक निकली है। इनाम पाने के लिए आपको इसका टैक्स जमा करना होगा। इसके बाद उनको एक बैंक खाते में 12 हजार रुपये डालने को कहा गया, उसने प्रक्रिया पूरी की। अगले दिन फिर खाते में 15 हजार रुपये डलवा लिये। इसके बाद 2 दिसंबर को फोन आया कि आपको ड्रॉ का सामान नहीं मिलेगा, आपने जो रुपये खाते में डाले हैं वही वापस मिल जाएंगे। इसके बाद उन्हें अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने बताया कि अब आरोपी का मोबाइल फोन नंबर बंद आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। मामला साइबर सेल से जुड़ा हुआ है।

# राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने किया माता रमाबाई लाइब्रेरी एवं टैबलैब का उद्घाटन

## बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं पर अमल करें : असीम अरुण






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्राम अबुपुर, मुरादनगर, गाज़ियाबाद में समाज कल्याण विकास विभाग की एकीकृत विकास योजनान्तर्गत स्वीकृति धनराशि 31.72 लाख से यू०पी० स्टेट कंस्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, गाज़ियाबाद द्वारा निर्मित सामुदायिक केन्द्र एवं सामुदायिक केन्द्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत माता रमाबाई लाईब्रेरी एवं टैबलैब का निर्माण समाज कल्याण विभाग, गाज़ियाबाद द्वारा धनराशि रू0 25.815 लाख के अन्तर्गत कराया गया है, जिसका उद्घाटन असीम अरुण, मा० राज्य मंत्री (स्व०प्र०), समाज कल्याण विभाग, उ०प्र० शासन के कर कमलों द्वारा किया गया।

असीम अरुण, मा० राज्य मंत्री (स्व०प्र०), समाज कल्याण विभाग, उ०प्र० शासन द्वारा बताया गया कि बाबा साहब डा० भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं पर अमल किया जाये एवं शिक्षा ग्रहण किया जाये। जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाज़ियाबाद को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत इस केन्द्र पर कोचिंग का कार्य प्रारम्भ कराये जाने हेतु आवश्यक माँग पत्र तत्काल प्रेषित किया जाये। असीम अरुण, मा० राज्य मंत्री (स्व०प्र०) द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्यमंत्री, उ०प्र० सरकार द्वारा यह घोषणा किया गया है कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत, जिसमें जनपद गाज़ियाबाद भी सम्मिलित है, जिसके अन्तर्गत 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति जिनका आधार कार्ड गरीबी रेखा से नीचे बी०पी०एल० कार्ड से लिंक है, उन्हें पेंशन का ऑनलाइन प्राविधान कर दिया जाये।



इस अवसर पर डा० राजकुमार साँगवान, सांसद, लोकसभा बागपत, मंजू सिवाच, विधायक, मोदीनगर, रामचन्द्र कन्नौजिया, प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित मोर्चा, भाजपा, उत्तर प्रदेश, सुचेता सिंह, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, भोजपुर एवं विनोद वैशाली, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मोदीनगर उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, गाज़ियाबाद प्रदीप कुमार पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) दिग्विजय सिंह, डा० अम्बेडकर समाज समिति के सदस्यों सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी व ग्राम समाज के लोग उपस्थित थे।

# अवैध निर्माणों पर चला जीडीए का बुलडोजर

## शालीमार गार्डन में दो अवैध निर्माण ध्वस्त






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों और अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। जीडीए उपाध्यक्ष के कड़े निर्देशों के क्रम में, बुधवार को प्रवर्तन जोन-08 के प्रभारी के नेतृत्व में शालीमार गार्डन क्षेत्र में दो भूखण्डों पर बड़ा ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया।

**स्वीकृत मानचित्र का उल्लंघन :** पहली कार्रवाई भूखण्ड संख्या-एस-36, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 पर की गई। यह निर्माण उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 का उल्लंघन करते हुए स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया गया था। प्राधिकरण की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इस भूखण्ड पर निर्मित अतिरिक्त तल के कॉलमों को ध्वस्त कर दिया।

**बिना स्वीकृति शुरू किया गया निर्माण :** इसी क्रम में, दूसरी कार्रवाई भूखण्ड संख्या-बी-90, शालीमार गार्डन मेन पर हुई। यहां भूखण्ड स्वामी द्वारा बिना किसी मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। जीडीए टीम ने तत्परता दिखाते हुए भूतल पर निर्मित किए गए कॉलमों को ध्वस्त कर दिया।

**भारी विरोध के बावजूद जारी रही कार्रवाई :** ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं द्वारा भारी विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि, प्राधिकरण पुलिस बल ने मोर्चा संभाला और स्थिति को नियंत्रण में रखा। पुलिस बल की मुस्तैदी के कारण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई बिना किसी बाधा के जारी रखी गई।

**मौके पर रहे अधिकारी :** इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, समस्त सुपरवाईजर, प्राधिकरण पुलिस बल और थाना शालीमार गार्डन का पुलिस बल समेत कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध निमार्णों और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव की लिखित पुस्तकों का विमोचन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव की पुस्तक 'श्रुति अंतस का उजास' और एक अंग्रेजी पुस्तक का लोकार्पण किया गया। दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने पुस्तक का विमोचन किया।



इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय ने की। कार्यक्रम में डॉक्टर अनूप सराया, वरिष्ठ पत्रकार एवं कार्यकारी संपादक इंडियन एक्सप्रेस रितु सरीन उपस्थित थे। वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव की पुत्री श्रृति यादव का 20 वर्ष की अल्प आयु में 2023 को निधन हो गया था। उस वक्त श्रृति यादव क्राइस्ट यूनिवर्सिटी गाजियाबाद कैंपस में इकोनॉमिक्स ऑनर्स की तृतीय वर्ष की मेधावी छात्रा थी। श्रुति यादव पढ़ाई में तेज और मिलनसार स्वभाव की थी। अपने दम पर अपना एवं परिजनों का नाम दुनिया में रोशन किया। श्रृति के पिता इंडियन एक्सप्रेस के वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव ने अपनी सुपुत्री की प्रतिभा और ओजस्वी विचारों को एक पुस्तक का रूप देकर जन उपयोगी बना दिया है। पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में श्रृति की माता रेनू यादव, भाई शिखर यादव, राज्यसभा सांसद भीम सिंह, प्रदेश के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार शीला भट्ट, नीरजा चौधरी, शैलजा वाजपेई, केजी बालाकृष्णन, सुषमा यादव, विराग गुप्ता, राजेश मल्होत्रा, जय शंकर गुप्ता, मनोज मिश्रा, संदीप जोशी, मोहित त्यागी, मनीष कुमार त्यागी समेत कई वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद उपस्थित थे।

# आयुष कुमार सिंह ने इंटरनेशनल ओलिंपियाड ऑफ एमबीबीएस एग्जाम में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आयुष कुमार सिंह ने उज्बेकिस्तान में इंटरनेशनल ओलिंपियाड ऑफ एमबीबीएस एग्जाम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह एग्जाम 12 देश में एक साथ किया गया था। प्रत्येक देश के टॉप 10 बच्चे निकले गए थे। सभी 12 देशो के टॉप 10 बच्चों को 5 और 6 दिसंबर को ताशकंद (उज्बेकिस्तान) देश में फिर एग्जाम किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर जर्मनी, दूसरे स्थान पर रूस और तृतीय स्थान पर बेलारूस के छात्र रहे और चौथे स्थान पर भारत के आयुष कुमार सिंह को प्राप्त हुआ। जिन 12 देशों ने भाग लिया वह निम्न प्रकार हैः जर्मनी, रूस, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, बेलारूस, कोरिया, पाकिस्तान, टर्की, अजरबैजान, तुर्किस्तान, तजाकिस्तान, आर्मेनिया आदि देशों ने भाग लिया आयुष कुमार सिंह उज्बेकिस्तान मे एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं और उन्होंने उज्बेकिस्तान एमबीबीएस यूनिवर्सिटी की तरफ से यह एग्जाम दिया था।



# दिव्य संत समागम : दिल्ली गेट स्थित बाला सुंदरी देवी मंदिर में वार्षिक भंडारा और श्रद्धांजलि सभा आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मठ मंदिर की शाखा सिद्ध पीठ बाला सिद्ध सुंदरी देवी मंदिर, दिल्ली गेट में रविवार को एक विशाल वार्षिक भंडारा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जूना अखाड़े की परंपरा के अनुरूप, ब्रह्मलीन श्रीमहंत परमानंद गिरि जी महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया था, जिसकी स्थापना महंत गिरीशानंद गिरि जी महाराज ने की है।

कार्यक्रम को पूज्य गुरुदेव श्रीमहंत प्रेम गिरि जी महाराज (सभापति श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा) और श्रीमहंत नारायण गिरि जी महाराज का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। महंत गिरीशानंद गिरि जी महाराज के नेतृत्व में आयोजित इस संत समागम में देशभर से और दिल्ली स्वामी संत महामंडल के संतों की उपस्थिति रही, जो इस मठ की गरिमा को दर्शाती है। सभा में दिल्ली-एनसीआर, हरिद्वार, ऋषिकेश, शुक्रताल, हरियाणा और राजस्थान से आए पूज्य संतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

उपस्थित संतों में प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर स्वामी कंचन गिरि महाराज, महंत जगदीश गिरि, महंत धीरेन्द्र पुरी महाराज, कोतवाल मंगलदास, आनन्द गिरि महाराज (मोती बाग), महंत डंडा गुरु इलाहाबाद, महंत श्याम गिरि भद्रकाली, साध्वी कैलाशानन्द गिरि, साध्वी गिरजानन्द गिरि सहित अनेक संत-महात्मा शामिल थे।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक संजीव शर्मा और दिनेश गोयल एमएलसी सहित श्री दूधेश्वर सेवा समिति के पदाधिकारी - विजय मित्तल, शिवम गिरिराज जी, नरेंद्र कुमार, अजय कुमार, सुनील नागर और मीडिया प्रभारी एस.एस. सुथार भी उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान संतों ने ब्रह्मलीन गुरुदेव को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पवित्र मंच का संचालन बीके शर्मा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर महंत गिरीशानंद गिरि जी महाराज ने देश भर से आए संतों और भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। तदोपरांत, सभी उपस्थित संतों एवं भक्तों ने महाप्रसाद (भंडारा) ग्रहण किया। यह आयोजन संतों की परंपरा और गुरु-शिष्य के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक बना।

# गाजियाबाद में 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

## जनता को मिलेगा त्वरित समाधान का मौका

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिले में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायालय परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर लगने वाली इस लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सभी विभागों के साथ तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। लोक अदालत में मुख्य रूप से ऐसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा जिनमें आपसी सहमति से समाधान संभव हो। इनमें बैंक लोन विवाद, चेक बाउंस, बिजली-पानी बिल विवाद, ट्रैफिक चालान, प्रॉपर्टी और सिविल विवाद, किराया-भाड़ा से जुड़े मामले, पारिवारिक वाद आदि शामिल रहेंगे। साथ ही प्री-लिटिगेशन के मामलों—जिन्हें अभी अदालत में दाखिल नहीं किया गया है—को भी प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि लोगों को बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के त्वरित राहत मिल सके। अधिकारियों के मुताबिक लोक अदालत का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें मामलों का निपटारा एक ही दिन में हो जाता है और किसी भी प्रकार की कोर्ट फीस देनी नहीं होती। यदि कोई मामला पहले से अदालत में लंबित है और लोक अदालत में समझौते के आधार पर निपट जाता है तो जमा कोर्ट फीस वापस कर दी जाती है, जिससे जनता को आर्थिक लाभ भी मिलता है। न्यायिक अधिकारियों का कहना है कि लोक अदालत का उद्देश्य न्याय को आसान, सुलभ और सस्ता बनाना है। जिले में बड़ी संख्या में लोगों के ट्रैफिक चालान, बिजली-पानी बिल विवाद और बैंक संबंधी मामले लंबित हैं, जिनका समाधान इस लोक अदालत में किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अपील की है कि जिन लोगों के विवाद या चालान पेंडिंग हैं, वे आवश्यक इसका लाभ उठाएं।




# भाजपा ने वोट चोरी के सहारे राज्यों में सरकारे बनाई हैः सतीश शर्मा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस की ओर से 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली के लिए जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने मुरादनगर कस्बे में नगर एवं ब्लॉक स्तर पर बैठक की। बैठक में महारैली के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कार्यकताओं को 14 दिसंबर को दिल्ली रामलीला मैदान चलने का आह्वान किया।



उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को तो महा रैली में जाना ही है, साथ ही अपने आस पड़ोस के लोगों को भी साथ ले जाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव पर प्रदीप नरवाल ने पिछले दिनों बैठक में कहा था कि रैली में प्रत्येक कार्यकर्ता की अलग-अलग भूमिका होगी। कार्यकताओं की सक्रियता पर केंद्रीय नेतृत्व की नजर बनी हुई है।

दिल्ली के सबसे नजदीक होने के कारण गाजियाबाद की भूमिका विशेष होगी। यहां से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता दिल्ली रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति का रास्ता भी गाजियाबाद से ही खुलता है। मुरादनगर शहर से 500 से अधिक लोगों के महा रैली में शामिल होने का आश्वासन दिया गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के साथ कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित ने मुरादनगर कस्बे के नगर एवं ब्लाक के अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकताओं से बाद बातचीत की। कोऑर्डिनेटर राजकुमार पंडित ने कहा कि बीजेपी वोट चोरी के सहारे राज्यों में सरकार बना रही है। पहले महाराष्ट्र में वोट चोरी की फिर उसके बाद हरियाणा में वोट चोरी के सहारे सरकार बनाई। यही सिलसिला बिहार में भी जारी रहा।

अगर वोट चोरी के खिलाफ जनता ने आवाज नहीं उठाई तो आने वाले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी वोट चोरी के सहारे जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने तथ्यों के आधार पर भाजपा की वोट चोरी का खुलासा किया है। जनता को अब समझ में आ गई है कि बीजेपी वोट चोरी के सहारे ही सत्ता में वापस आ रही है।

इस मौके पर जिला महिला अध्यक्ष डोली त्यागी, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, भुवनेश्वर भारद्वाज, विश्वदीप त्यागी, तरुण शर्मा एडवोकेट, विवेक त्यागी, विश्वकर्मा, श्रीपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नेम त्यागी, देवदत्त त्यागी, हाजी रियासत अली सहित सभी मंडल अध्यक्षों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# रालोद प्रवक्ता अजय वीर सिंह से मिले 8 फीट 2 इंच लंबे युवा करण सिंह

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** आरडीसी क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया, जब भारत के सबसे लम्बे युवा करण सिंह यहां पहुंचे। मात्र 18 वर्ष की उम्र में 8 फीट 2 इंच की लम्बाई के साथ करण सिंह भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे सबसे लम्बे युवा माने जाते हैं। सहारनपुर निवासी करण सिंह के नाम तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं, जो उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाते हैं।

**परिवार की लम्बाई भी बनी चर्चा का विषय :** करण सिंह की अद्भुत लम्बाई के पीछे पारिवारिक विरासत भी कमाल की है। उनकी माता की लम्बाई 7 फीट, जबकि पिता की लम्बाई 6 फीट 6 इंच है। दैनिक जीवन में भी करण को अपनी ऊंचाई के अनुरूप विशेष चीजें उपयोग करनी पड़ती हैं—वे 9 फीट के बिस्तर पर सोते हैं और 20 नम्बर के जूते पहनते हैं।

**आरडीसी में अजय वीर सिंह से मुलाकात :** करण सिंह के साथ गाज़ियाबाद के मोहित गुर्जर भी मौजूद रहे। आरडीसी स्थित कॉफी हाउस में उनकी मुलाकात रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी अजय वीर सिंह से हुई। अजय वीर सिंह ने करण के साथ तस्वीर खिंचवाकर इस मुलाकात को अपने जीवन का एक यादगार क्षण बताया। गाज़ियाबाद वासियों के लिए यह पल उत्सुकता और चर्चा का विषय बना रहा, जहां लोगों ने करण सिंह को देखकर आश्चर्य और उत्साह दोनों ही महसूस किया।



# नगरायुक्त ने की जलकल विभाग के कार्यों की समीक्षा, हर जोन में जल्द पूरे होंगे काम

- 33 रुके कार्य 10 दिन में शुरू करने के निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बुधवार को जलकल विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की, जिसमें विभाग द्वारा संचालित कुल 60 कार्यों की प्रगति का आंकलन किया गया। बैठक में महाप्रबंधक कामाख्या प्रसाद आनंद, अधिशासी अभियंता आश कुमार, सहायक अभियंता शेषमणि यादव तथा सभी जोनों के अवर अभियंता उपस्थित रहे। नगर आयुक्त ने प्रत्येक कार्य की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली और धीमी गति से चल रहे कार्यों पर नाराजगी जताई। बैठक के दौरान यह पाया गया कि 33 कार्य निविदा प्रक्रिया या अन्य तकनीकी कारणों से रुके हुए हैं। इस पर नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी 33 कार्यों को निविदा प्रक्रिया पूर्ण करते हुए 10 दिनों के भीतर प्रारंभ किया जाए। विभाग को निविदा प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक सप्ताह की समयसीमा निर्धारित की गई है। साथ ही जनवरी 2026 के पहले सप्ताह से इन सभी कार्यों को धरातल पर लाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इंदिरापुरम सहित नगर निगम सीमा के विभिन्न इलाकों में जलापूर्ति सुधार हेतु 6 करोड़ की लागत से 30 एचपी क्षमता के 12 नए नलकूप लगाने की मंजूरी दी गई है। इनमें वार्ड 22 गगन एंक्लेव और वार्ड 61 वसुंधरा सेक्टर 2 शामिल हैं। इंदिरापुरम में 30 नलकूपों को रिबोर करने और 15 एचपी के 5 नए नलकूप लगाने के लिए भी तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा वार्ड 59 अनाज मंडी और वार्ड 47 महिंद्रा एंक्लेव में पानी की नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य तुरंत शुरू करने को कहा गया है। नीति खंड-1 में 7 करोड़ रुपये की लागत से सम्प वेल निर्माण तथा न्याय खंड में 7 करोड़ की नई पाइपलाइन बिछाने के कार्य को प्राथमिकता सूची में रखा गया है। इंदिरापुरम के अन्य क्षेत्रों में 5 करोड़ की परियोजनाओं के तहत पुरानी पाइपलाइन बदलने व नई लाइन डालने का कार्य 10 दिनों में शुरू करने के निर्देश दिए गए।

मलिन बस्तियों में जलापूर्ति सुधारने हेतु जलकल विभाग 5000 लीटर क्षमता के 20 नए टैंकर खरीदेगा, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बैठक के अंत में नगर आयुक्त ने जलकल विभाग के बाबुओं व लिपिकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सभी चल रहे कार्यों को तीन दिन के भीतर ऋठठ पोर्टल पर अपलोड किया जाए। लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की बात भी कही। बैठक में लेखाधिकारी अनुराग भी मौजूद रहे।

# कार की चपेट में आकर 5 साल की बच्ची की मौत

**नोएडा ।** सेक्टर-44 में घर के बाहर खेल रही 5 साल की बच्ची तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से घायल बच्ची को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक सेक्टर-44 में रहने वाली रूखसार ने पुलिस से शिकायत की है कि बुधवार की रात उनकी 5 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक कार तेज रफ्तार से आई और बच्ची को टक्कर मार दी। इसमें बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं चालक कार लेकर भाग गया। । इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से घरवाले ने बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने के बाद उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया।

सफदरजंग अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। एसीपी प्रवीण सिंह का कहना है कि पुलिस घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है। पुलिस जल्द ही कार चालक के बारे में पता लगा लेगी।




# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का उमड़ा सैलाब





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के जन्मदिन पर उनके घर पर ही स्नेही मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को उनके जन्मदिन पर उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं ने और समाज के गणमान्य लोगों ने जन्मदिन की बधाई दी। सभी ने उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की।

## यीडा ने दनकौर में अवैध निर्माण ध्वस्त कर 4.6 हेक्टेयर भूमि मुक्त की

नोएडा। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिसूचित एरिया में हो रहे अवैध निर्माण के खिलाफ आज बड़ी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण द्वारा जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्राम दनकौर में बड़े पैमाने पर चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत खसरा नंबर-211 पर अवैध कब्जे से लगभग 4.6 हेक्टेयर (लगभग 46 हजार वर्ग मीटर) पर भू-माफिया द्वारा काटी गई अवैध कालोनियों पर यीडा की टीम ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत 500 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस दौरान कुछ लोगों ने प्राधिकरण की इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता पंकज शर्मा ने अपने मम्मी-पापा की मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने अपने माता-पिता के विवाह का वर्ष बताया और फिर पूरे हर्ष के साथ ईश्वर से यह प्रार्थना की माता-पिता का आशीर्वाद सदैव उन पर परिवार पर बना रहे। पंकज शर्मा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आनंद बिल्डटेक कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर देवेंद्र गंगल को उनकी मैरिज एनिवर्सरी की शुभकामनाएं दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने दी।

## सीएम योगी की बड़ी सौगात
## 12 करोड़ से जुड़ेगा जेवर क्षेत्र

नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर के जेवर विधानसभा के लिए धर्मार्थ योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य को सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने 12 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर लगभग 8 किलोमीटर लंबाई वाले इस मार्ग के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। यह मार्ग 5.50 मीटर चौड़ाई का बनेगा, जो तहसील जेवर से प्रज्ञान पब्लिक स्कूल के सामने से होते हुए ग्राम साहब नगर, ग्राम सिरसा माचीपुर व ग्राम जेवर खादर मढ़ैया को जोड़ते हुए बांध एवं ग्राम रामपुर बांगर तक पहुंचेगा। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी, आवागमन सुगम होगा तथा दर्जनों ग्रामों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक धीरेंद्र सिंह ने क्षेत्र के लोगों के साथ उपरोक्त संपर्क मार्ग का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जेवर क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सरकार की मंशा ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क मार्ग से सशक्त बनाना है, और यह संपर्क मार्ग उसी दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेवर विधानसभा के विकास के लिए जो सतत सहयोग और संवेदनशीलता दिखाई है, उसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक शादी वाले कार्यक्रम में जब एक पूर्व अध्यक्ष को लगी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का निमंत्रण पूर्व मेयर अशु वर्मा को नहीं मिलने की जानकारी? तब उनके शब्द हो गये वहां पर भारी? उन्होंने कहा हमने ये माना कि चलो कोई बात नहीं उनको नहीं आई हमारी याद? मगर पूर्व मेयर के नाम को इग्नोर करना नहीं है अच्छी बात? सुना है जब रूठे हुए थे इस बात पर पूर्व वाले तब मौके पर बैठे हुए थे कुछ भगवा योद्धा के भी खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूर्व अध्यक्ष के इन शब्दों को सुनकर योद्धा के खास रहे उस वक्त तो खामोश? मगर बर्थडे वाले दिन इन खास का देखते ही बन रहा था जोश? इन्होंने खोली फिर इतिहास की किताब? कराया वो रथ वाला दौर उन्होंने याद? जो करा रहे थे उस वक्त प्रोटोकॉल को याद, वो खुद याद करें कि उन्होंने वर्तमान होते हुए पूर्व वालों को रथ पर नहीं चढ़ने दिया था साहब? आप ही बताओ तब उनका प्रोटोकॉल कहां गया था भाई साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यादव जी के वैवाहिक आयोजन में हो गया एक पुराने मनमुटाव का समाधान? चेयर पर चुटिया वाले त्यागी भी बैठे थे और पूर्व मेयर भी प्रकट कर रहे थे विचार? तभी चुटिया वाले त्यागी के मौजूदा अच्छे व्यवहार का उन्हें लगा जिक्र? तब किसी ने पूर्व मेयर को कराया इतिहास याद? उन्होंने कहा आज अभी से मैं पुरानी कड़वी बातों को भूलने की बात कह रहा हूं? जो बीत गया अब उस पर नहीं होगी बात? आज से ही हमारा है चोटी वाले त्यागी पर फिर से भरपूर आशीर्वाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक शादी वाले कार्यक्रम में ए ग्रेड और सी ग्रेड पर चर्चा चल रही थी जोरदार? पहलवान जी के इन शब्दों पर कुछ लोग गागर में सागर भरने वाले नागर जी के जानना चाह रहे थे विचार? यहां पर नागर जी ने रखी पहलवान के पक्ष में बात? कहा छोड़ो इन बातों को, ये देखो वो कितना समाजिक काम करते हैं साहब? उन्होंने जो शब्द बोले हैं वो उनकी नहीं है स्क्रिप्ट? किसी के कहने पर उन्होंने ये मामला किया है फेसबुक पर लिफ्ट? कहने वाले ने कहा इसका मतलब पहलवान जी के पास नहीं है खुद का कोई विवेक? ये शब्द जैसे ही बाहर निकले, वैसे ही नागर जी ने लगा दिया अपने शब्दों पर ब्रेक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यादव जी के वैवाहिक कार्यक्रम में हमें मुराद पूरी करने वाले विधायक की बात लगी बहुत ही खास? वो रेड फेस मैन को कितना मानते हैं, उन्होंने कराया मौके पर ही इस बात का एहसास? कहा मैं उपाध्याय जी के कार्यक्रम में होकर आया हूं? ताकि इस कार्यक्रम में दे सकूं भरपूर वक्त? विधायक जी बोले सिर्फ मैं ही नहीं मेरा पूरा परिवार इस आयोजन में आया है? हमारे रिश्ते आपस में बहुत खास हैं? ये अभी के नहीं है, इन्हें बने हो गया है बहुत वक्त?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद से महानगर के तीन चेहरों को मिली है प्रदेश अध्यक्ष को वोट करने की जिम्मेदारी? सुना है इस जिम्मेदारी पर पूर्व ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि ने इनमें से एक चेहरे को कहे ऐसे शब्द? जिसे सुनकर हो गया उनका दिल भारी? ताकतवर मैडम ने इस चेहरे से कहा ये जो तुम्हें जिम्मेदारी मिली है ये नहीं है कोई खास? इसलिए इतना ज्यादा उत्साहित ना हों आप? सुना है ये शब्द सुनने के बाद काफी दुखी नजर आया इनका चेहरा? फिर इस चेहरे को किसी ने समझाया? ये राजनीति है यहां पर ऐसे ही तीर दागे जाते हैं? जब खिल रहा होता है किसी का सवेरा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम तो मान कर चल रहे थे कि योद्धा और ताकतवर मैडम के बीच जो थी खींचतान? वो सिर्फ थी राजनीति का पैगाम? मगर बर्थडे वाले दिन भी हुआ हमें इन दूरियों का एहसास? हमने देखा ताकतवर मैडम के दीदार उनके आयोजन में नहीं हुए साहब? कहने वाले ने कहा ये हम नहीं कह रहे? इस तरह की चर्चा मौके पर हो रही थी आम? जो भी हो राजनीति में कौन किसी के यहां आया या नहीं आया? इसके भी होते हैं पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों के बर्थडे का अब दिखाई देता है जबरदस्त शोर? कुछ ऐसे ही चर्चा का दिखाई दे रहा था एक शादी के कार्यक्रम में जोर? तब यहां पर मुराद पूरी करने वाले विधायक ने उठाया इतिहास से पर्दा? उन्होंने कहा ये जो भी कुछ आज हो रहा है ये उड़ाया हुआ है हमारे प्रिय चोटी वाले का ही गरदा? उन्होंने ही 2018 में हमारे बर्थडे पर इस ट्रेंड की थी शुरूआत? आज जितने भी सेलीब्रेशन हो रहे हैं? उसकी नींव 7 साल पहले हमारे चोटी वालों ने ही डाली थी साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद की वैश्य राजनीति में एक बड़ा फेस देने वाला है कुछ ही दिनों में बड़ा पैगाम? पता चला है ये चेहरा शिक्षक या स्नातक एमएलसी चुनाव में उतरने ज रहा है श्रीमान? कर ली है इस चेहरे ने पूरी शिद्दत से टिकट मांगने की तैयारी? ये चेहरा पड़ जायेगा कईयों पर भारी? जिस दिन ये चेहरा बोलेगा,उस दिन हैरान हो जायेंगे सभी फेस? फिलहाल जितना खामोश हैं? उतना ही भविष्य में बोलेगा इनका फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही प्रभारी मत्री से मुलाकात के बाद नहीं बता रहे हों भगवागढ़ के महानमंत्री अपनी बात? मगर हमें पता चला है हमें ये सब रख कर आये हैं अपने मन की खटास? इन्होंने पूरी शिद्दत से दिया है पैगाम? रखने वाला नहीं रख रहा है हमारा ध्यान? गाजियाबाद के एक विधायक को दिया जा रहा है ज्यादा वेट? इसलिए कार्यक्रमों के आयाम हमको नहीं होते हैं अपडेट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# ऑस्ट्रेलिया में किशोरों के लिए सोशल मीडिया बैन



**ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने बीते साल संसद में एक कानून पारित करा कर 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को प्रतिबंधित करने का फैसला किया था। इसके तहत कंपनियों को ही जिम्मेदारी दी गई थी कि वे बच्चों को अपने प्लेटफॉर्म्स के इस्तेमाल की अनुमति न दें और एक साल में इससे जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। आइये जानते हैं है यह प्रतिबंध कैसे लागू होंगे...**

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध का दायरा तेजी से बढ़ाया जा रहा है। इस साल की शुरूआत में ही अल्बनीज सरकार ने कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को किशोरों की पहुंच से दूर करने का फैसला किया था। 10 दिसंबर (बुधवार) से किशोरों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध का फैसला लागू भी हो गया। इसे लेकर दुनियाभर में चर्चा शुरू हो गई है। जहां कुछ अधिकार संगठनों ने इसे नवयुवकों और युवतियों के साथ ज्यादती करार दिया है, तो वहीं कुछ और संगठनों ने इस फैसले की सराहना भी की है।

हालांकि, इस बीच यह सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऑस्ट्रेलिया सरकार किशोरों के लिए सोशल मीडिया से जुड़ा क्या फैसला ले रही है? यह निर्णय लिया क्यों जा रहा है? इसके दायरे में कौन से प्लेटफॉर्म्स को रखा जाएगा? प्रतिबंध कैसे लागू होंगे? आइये विस्तार से जानते हैं...

### ऑस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले से होगा बदलाव

ऑस्ट्रेलिया की संसद में नवंबर 2024 में एक कानून पारित कराया गया था। इसके जरिए ऑस्ट्रेलिया के ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट, 2021 में संशोधन किया गया और 16 साल से कम उम्र के बच्चे-किशोरों के सोशल मीडिया प्रयोग पर पाबंदी लगाने का फैसला लिया गया। पहले इस कानून के तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सिर्फ कुछ सामग्री ही प्रतिबंधित थी। हालांकि, नए कानून के तहत बच्चों-किशोरों के लिए पूरे सोशल मीडिया पर ही पाबंदी रहेगी।

कानून के तहत अगर सोशल मीडिया कंपनियां 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने में असफल रहती हैं तो उन पर 5 करोड़ डॉलर तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं कंपनियों को ऐसे सिस्टम बनाने का भी आदेश दिया गया, जिससे बच्चे उनके प्लेटफॉर्म पर अकाउंट ही न बना पाएं। हालांकि, ऐसी मैसेजिंग और गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को इस प्रतिबंध से दूर रखा गया है, जो कि स्वास्थ्य, शिक्षा के मकसद से काम कर रही हैं।

ऑस्ट्रेलिया लेबर पार्टी की सरकार का कहना है कि किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाने का फैसला उन्हें इसके खराब प्रभाव से बचाने के लिए लिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री अल्बनीज कई मौकों पर कह चुके हैं कि जब बच्चों और किशोरों की बात आएगी तो ऑस्ट्रेलिया उनके अधिकार बचाने के लिए सबसे आगे रहेगा।

पीएम का कहना है कि सोशल मीडिया की एक सामाजिक जिम्मेदारी है और इसमें कोई शंका नहीं कि ऑस्ट्रेलियाई बच्चे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से गलत तरह से प्रभावित हो रहे हैं।

सरकार के इस कदम को एक ऑनलाइन पोल में 77 फीसदी लोगों का साथ भी मिला था। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार ऐसे प्रतिबंध लागू करने में जल्दबाजी कर रही है।

हालांकि, 30 जुलाई को खबरें आईं कि यूट्यूब को भी उन प्लेटफॉर्म्स में शामिल किया गया है, जिन्हें किशोरों के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। हालांकि, यह प्रतिबंध बाकी वेबसाइट्स के मुकाबले कम होंगे। यानी बच्चे यूट्यूब वीडियो देख सकेंगे, लेकिन प्लेटफॉर्म पर न तो अपना अकाउंट बना सकेंगे और न ही इस पर प्रतिक्रिया (लाइक-कमेंट्स) दे सकेंगे। बता दें कि यूट्यूब पर कई सेवाएं सिर्फ अकाउंट होने पर ही एक्सेस की जा सकती हैं।

### कई प्लेटफॉर्म पाबंदी के दायरे में आएंगे

ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने जब संसद में बच्चों-किशोरों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदी लगाने की बात कही थी, तब यह साफ नहीं था कि इसके दायरे में प्रचलित कंपनियों के अलावा किस-किस के नाम होंगे। लिस्ट में मेटा के फेसबुक, इंस्टाग्राम के अलावा एक्स, स्नैपचैट, रेडिट और टिकटॉक के नाम पहले से ही शामिल थे। लेकिन गूगल के यूट्यूब को पहले इस दायरे से अलग माना जा रहा था। दरअसल, तब तर्क दिए गए थे कि यूट्यूब युवाओं के लिए काफी फायदेमंद है।

## नेपाल को खोखला कर रहा ड्रैगन

# पोखरा एयरपोर्ट घोटाले में रंगे मिले 'अपनों' के हाथ



**काठमांडू।** चीन की नजरें अब नेपाल पर है। ये बात तब साफ हो गई जब नेपाल के भ्रष्टाचार जांच आयोग ने पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण में 55 नेपाली अधिकारियों और चीनी कंपनी सीएएमसी पर 74 मिलियन डॉलर की गड़बड़ी का आरोप लगाया। ऐसे में नेपाल में होने वाले आम चुनाव को लेकर जारी रस्साकशी के बीच सवाल ये खड़ा हो रहा है कि क्या ड्रैगन नेपाल को खोखला करनी तैयारी कर रहा है?

नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कारण है कि नेपाल के भ्रष्टाचार जांच आयोग ने पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण में 55 नेपाली अधिकारियों और चीनी कंपनी सीएएमसी पर 74 मिलियन डॉलर की गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इसके साथ ही इन 55 अधिकारियों और चीनी कंपनी सीएएमसी पर मामला भी दर्ज किया है। माना जा रहा है कि यह नेपाल में अब तक का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का मामला है।

आयोग के अनुसार, सरकार और चीनी कंपनी ने निर्माण खर्चों में गड़बड़ी करके 74 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की रकम बढ़ा दी। इसके तहत 2012 में जो बिडिंग तय हुई थी, वह 169.6 मिलियन डॉलर थी, लेकिन इसे बढ़ाकर 244 मिलियन डॉलर कर दिया गया। नेपाल के पोखरा एयरपोर्ट में चीन की भूमिका को ऐसे समझा जा सकता है कि पोखरा एयरपोर्ट चीन के एक्जिम बैंक के लोन पर बनाया गया था। यह शहर नेपाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों और ट्रेकिंग रूट्स की शुरूआत का केंद्र है, लेकिन 2023 में संचालन शुरू होने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को आकर्षित नहीं कर सका।

# पाकिस्तान के करीबी देश को मिलेंगे अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान

## रूसी एस-400 खरीदने पर हुआ था परियोजना से बाहर



**इस्तांबुल।** अमेरिकी राजदूत टॉम बैरक ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके तुर्किये के समकक्ष रेसेच तैयप एर्दोआन के सकारात्मक संबंधों ने एफ-35 विमान परियोजना को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत का नया माहौल बनाया है। तुर्किये अपनी वायुसेना मजबूत करने के लिए एफ-35 को शामिल करना चाहता है।

अंकारा में अमेरिका के राजदूत ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके तुर्किये के समकक्ष रेसेप तैयप एर्दोआन के बीच करीबी संबंधों ने दोनों देशों को उस मुद्द को सुलझाने के करीब ला दिया है, जिसकी वजह से तुर्किये को एफ-35 लड़ाकू विमान परियोजना से बाहर कर दिया गया था।

राजदूत टॉम बैरक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति ट्रंप और उनके समकक्ष एर्दोआन के बीच सकारात्मक संबंधों ने सहयोग का एक नया माहौल बनाया है, जिसकी वजह से हमें इस मुद्दे पर लगभग एक दशक में सबसे अच्छी बातचीत करने का मौका मिला है।

ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिका ने नाटो सहयोगी तुर्किये को अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान परियोजना से हटा दिया था, क्योंकि तुर्किये ने रूस से एक वायु रक्षा प्रणाली खरीदी थी। अमेरिकी अधिकारियों को चिंता थी कि तुर्किये द्वारा रूसी एस-400 मिसाइल प्रणाली का इस्तेमाल करने से एफ-35 की क्षमताओं से जुड़ा डाटा रूस के हाथ लग सकता है।

### ट्रंप के पहले कार्यकाल में काटसा के तहत लगे थे प्रतिबंध

अंकारा लंबे समय से इस परियोजना में फिर से शामिल होने की कोशिश करता रहा है। एर्दोआन ने कहा कि परियोजना से बाहर किए जाने से पहले तुर्किये ने 1.4 अरब डॉलर निवेश किए थे। इसके अगले साल अमेरिका ने तुर्किये पर काटसा के तहत प्रतिबंध भी लगा दिए थे।

बैरक सीरिया ट्रंप के विशेष दूत भी हैं। उन्होंने कहा कि तुर्किये की एफ-35 कार्यक्रम में फिर शामिल होने की इच्छा है और रूसी एस-400 प्रणाली रखने को लेकर भी बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप और एर्दोआन के सकारात्मक संबंधों ने सहयोग का नया माहौल बनाया है, जिससे लगभग एक दशक में सबसे सकारात्मक बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा, हमारी उम्मीद है कि आने वाले महीनों में ये बातचीत ऐसा समाधान निकालेगी जो अमेरिका और तुर्किये दोनों की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करे। एफ-35 विमान न मिलने के कारण तुर्किये अपनी वायुसेना को मजबूत करने के लिए अन्य विकल्पों पर भी विचार कर रहा है, जिसमें यूरोफाइटर टाइफून और अमेरिकी एफ-16 शामिल हैं। तुर्किये अपना खुद का पांचवीं पीढ़ी का कान लड़ाकू विमान भी विकसित कर रहा है, जिसके 2028 तक सेवा में शामिल होने की उम्मीद है।

सितंबर में व्हाइट हाउस में एर्दोआन से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने संकेत दिया था कि अमेरिका जल्द ही तुर्किये को एफ-35 की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा सकता है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने एर्दोआन के साथ 'बहुत अच्छे संबंध' होने की बात कही थी। ओबामा और बाइडन प्रशासन ने एर्दोआन से दूरी बनाकर रखी थी। अमेरिकी अधिकारियों ने तुर्किये के मानवाधिकार उल्लंघन के इतिहास और रूस के साथ उसके करीबी संबंधों को लेकर चिंताएं जताई थीं। तुर्किये और इस्राइल के बीच तनाव ने भी अमेरिका-तुर्किये संबंधों रिश्तों को कई बार मुश्किल बनाया।

# अमेरिका में अप्रवासी बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल



**वाशिंगटन।** अमेरिका में अप्रवासी बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं। अमेरिकी इमीग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) ने कोर्ट में दायर एक दस्तावेज में माना है कि इस साल अगस्त-सितंबर के दौरान करीब 400 बच्चों को 20 दिन की कानूनी सीमा से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया। यह खुलासा उन वकीलों ने किया जो 1985 से चल रहे मामले की निगरानी कर रहे हैं। इसी मुकदमे से 1990 के दशक में फ्लोरेस सेटलमेंट एग्रीमेंट बना, जो बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सीमित अवधि की हिरासत अनिवार्य करता है।

वकीलों ने अदालत को बताया कि कई केंद्रों में अस्वच्छ हालात, चिकित्सा सेवा में देरी और होटल कमरों में तय सीमा से अधिक समय तक बच्चों को रखने की शिकायतें मिलीं। एक बच्चा आंख की चोट के बाद दो दिन तक डॉक्टर को नहीं दिखाया गया। एक और बच्चे का पैर स्टाफ की लापरवाही से टूट गया। भोजन में कीड़े मिलने तक की शिकायत दर्ज की गई। सरकार का कहना है कि रिलीज में देरी की वजह परिवहन, मेडिकल जरूरतें और कानूनी प्रक्रिया हैं, लेकिन वकीलों के मुताबिक ये कारण पर्याप्त नहीं। अदालत अगले हफ्ते सुनवाई करेगी और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप कर सकती है।

# क्यूबा के पूर्व मंत्री फर्नांडीज को जासूसी के आरोप में उम्रकैद



**नई दिल्ली।** क्यूबा के सुप्रीम पॉपुलर ट्रिब्यूनल ने पूर्व अर्थव्यवस्था मंत्री अलेजांद्रो गिल फर्नांडीज को जासूसी के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई है। एक अलग मामले में उन्हें रिश्वत, फर्जी दस्तावेज और टैक्स चोरी के लिए 20 साल और मिले। 2018-2024 तक मंत्री रहे गिल राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कनेल के बेहद करीबी थे, लेकिन हटाए जाने के बाद उन पर गंभीर गलतियों का आरोप लगा। अदालत ने जासूसी के विवरण नहीं बताए।

# नेपाल चुनाव से पहले भारत का भरोसा- वरिष्ठ अधिकारी ने दिया पूरा सहयोग का आश्वासन



**काठमांडू।** नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव से पहले भारत ने पड़ोसी देश को हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया है। भारत के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुनु महावर ने काठमांडू में नेपाल के गृह मंत्री ओम प्रकाश आर्याल से मुलाकात की और चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। महावर चार दिन की नेपाल यात्रा पर हैं।

बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए आवश्यक संसाधन, उपकरण और तकनीकी सहयोग भारत उपलब्ध कराएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि 2023 में आए भूकंप से प्रभावित जाजरकोट जिले के पुनर्निर्माण और हाल के प्राकृतिक हादसों में क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की बहाली में भारत मदद जारी रखेगा।

आर्याल ने भारत को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने, सूचनाओं के बेहतर आदान-प्रदान और सीमा पर चोरी-तस्करी जैसी गतिविधियों पर नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया।

महावर की यह यात्रा सितंबर में हुए जेन-जी आंदोलन के बाद किसी वरिष्ठ भारतीय अधिकारी की नेपाल की पहली यात्रा मानी जा रही है, जिसने ओली सरकार को सत्ता से हटने पर मजबूर किया था।

# राजमार्ग पर आपात लैंडिंग के दौरान कार से टकराया विमान, पायलट और यात्री सुरक्षित; महिला चालक घायल



**फ्लोरिडा के ऑरलैंडो के पास एक छोटा विमान आपात लैंडिंग के दौरान आई-95 राजमार्ग पर एक कार से टकरा गया। इस हादसे में महिला कार चालक घायल हो गई। विमान में सवार पायलट और यात्री सुरक्षित रहे।**

**ऑरलैंडो (फ्लोरिडा)।** फ्लोरिडा के ऑरलैंडो के पास सोमवार शाम को एक छोटे विमान ने अंतरराज्य राजमार्ग-95 (आई-95) पर आपातकालीन लैंडिंग की। इस दौरान विमान कार से टकरा गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ।

ब्रेवर्ड काउंटी दमकल और बचाव सेवा के मुताबिक, विमान आई-95 राजमार्ग पर मील चिह्न 201 के पास दक्षिण दिशा में आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश कर रहा था, तभी वह एक कार से टकरा गा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

फॉक्स 13 न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। इनमें एक 27 वर्षीय पायलट और 27 वर्षीय यात्री शामिल थे। विमान फिक्स्ड विंग मल्टी-इंजन बीचक्राफ्ट 55 बताया जा रहा है। फ्लोरिडा राजमार्ग पुलिस के मुताबिक, पायलट और यात्री दोनों सुरक्षित रहे और उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई।

रिपोर्ट के मुताबिक, विमान टोयोटा कैमरी कार से टकराया, जिसे एक 57 वर्षीय महिला चला रही थी। इस टक्कर में वह घायल हुई और उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला को भी हल्की चोटें आई हैं।

अमेरिका की विमानन निगरानी संस्था संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि पायलट ने विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले इंजन में समस्याओं की सूचना दी थी। इस घटना की जांच राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) कर रहा है। एनटीएसबी ने बताया कि विमान मेरिट आईलैंड से एक प्रशिक्षण उड़ान पर उड़ा था, लेकिन उड़ान के कुछ समय बाद दोनों इंजनों में शक्ति चली गई। पायलट को विमान को नजदीकी राजमार्ग पर आपातकालीन लैंडिंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें विमान को कार से टकराते देखा जा सकता है।

# 'एक फोन कॉल कर रुकवा दूंगा संघर्ष..' थाईलैंड-कंबोडिया की ताजा झड़प पर : ट्रंप

**कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर रविवार से शुरू हुआ संघर्ष तेज हो गया है और गोलाबारी के कारण हालात लगातार बिगड़ रहे हैं।**

**सुरिन (थाईलैंड)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ने कहा कि वह एक फोन कॉल करके थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जारी संघर्ष को रोक देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह ताकत के दम पर शांति स्थापित कर रहे हैं।

ट्रंप ने एक बार फिर दोहराया कि उन्होंने दस महीनों के भीतर आठ संघर्ष खत्म करवाए हैं। इनमें कोसोवा-सर्बिया, भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष भी शामिल हैं। ट्रंप ने कहा, ये देश आपस में भिड़ रहे थे। इस्राइल और ईरान, मिस्त्र और इथियोपिया। आर्मेनिया और अजरबैजान। मुझे यह कहते हुए अच्छा नहीं लग रहा, लेकिन कंबोडिया और थाईलैंड ने आज फिर शुरूआत कर दी है। मैं एक फोन कॉल करूंगा और दो बहुत ताकतवर देशों थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जारी संघर्ष को रोक दूंगा। वे फिर से लड़ रहे हैं। लेकिन मैं यह कर दूंगा। हम ताकत के दम पर शांति बना रहे हैं।

थाईलैंड के सुरिन इलाके में मंगलवार को हालात और बिगड़ गए, जब कंबोडिया के ताकतवर नेता और सीनेट अध्यक्ष हुन सेन ने स्पष्ट कहा कि उनका देश थाईलैंड का मुकाबला करेगा। दोनों देशों के बीच दूसरे दिन भी गोलाबारी हुई, जिसकी वजह से सीमा से सटी बस्तियों से बड़ी संख्या में लोग पलायन कर रहे हैं। ताजा संघर्ष की शुरूआत रविवार को हुई, जब एक झड़प में दो थाई सैनिक घायल हुए। इसके साथ ही जुलाई में हुए संघर्ष को रोकने के लिए लागू शांति समझौता टूट गया। जुलाई के संघर्ष में दोनों तरफ कई लोगों की मौत हुई थी और एक लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाना पड़ा था।

# ईसाई धर्मगुरु के निशाने पर आए ट्रंप!



**रोम।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वह यूक्रेन को दी जा रही मदद रोक सकते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने यूरोपीय नेताओं को कमजोर तक बता दिया था। उन्होंने कहा था कि यूरोप कमजोर हो गया है।

ईसाई धर्मगुरु पोप लियो 14वें ने मंगलवार को अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की ओर से लंबे समय से चले आ रहे अमेरिका-यूरोपीय गठबंधन को तोड़ने की कोशिश की आलोचना की। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के सर्वोच्च धर्मगुरु की ओर से इस तरह की खुली आलोचना अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं को कमजोर होने के साथ यूक्रेन को मिलने वाले अमेरिकी समर्थन को कम करने का भी संकेत दिया था। इस मुद्दे पर पोप लियो 14वें ने अप्रत्यक्ष रूप से जोर देकर कहा कि यूक्रेन शांति समझौते में यूरोप की भूमिका होनी चाहिए।

पोप लियो का कीव दौरा यूरोपीय समर्थन जुटाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पत्रकारों से युद्धविराम की जरूरत और रूसी अधिकारियों की ओर से पकड़े गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद के लिए वेटिकन की कोशिशों पर चर्चा की।

ईसाई धर्मगुरु से अमेरिकी शांति प्रस्ताव और इस प्रक्रिया में यूरोपीय शक्तियों को दरकिनार किए जाने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते में यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'यूरोप को वार्ता में शामिल किए बिना शांति समझौते की कोशिश करना अवास्तविक है, क्योंकि युद्ध यूरोप में चल रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'आज और भविष्य में सुरक्षा की गारंटी भी मांगी जा रही है। यूरोप को इसका हिस्सा होना चाहिए, और दुर्भाग्य से हर कोई इसे नहीं समझता, लेकिन मुझे लगता है कि यूरोपीय नेताओं के लिए एकजुट होकर हल तलाशने का यह एक बेहतरीन मौका है।' यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय साझेदारों के साथ शांति समझौते के तीन दस्तावेजों पर चर्चा की जा रही है, 20 बिंदुओं का एक रूपरेखा दस्तावेज, सुरक्षा गारंटी वाला दूसरा दस्तावेज और यूक्रेन को फिर से उठ खड़ा करने के बारे में तीसरा दस्तावेज। लियो ने कहा कि उन्होंने जो पढ़ा है, वह 'यूरोप और अमेरिका के बीच कई वर्षों से चले आ रहे एक सच्चे गठबंधन में एक बड़ा बदलाव लाएगा।' इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ टिप्पणियों से ऐसा लगता है कि 'आज और भविष्य में जिस गठबंधन की जरूरत है, उसे तोड़ने की कोशिश की जा रही है।'

# महिला पत्रकार को पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने किया भद्दा इशारा




**पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी को महिला पत्रकार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में भद्दा इशारा करने पर भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मानसिक रोगी और सेना के खिलाफ जहर फैलाने वाला बताया।**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी को व्यापक आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, जब एक महिला पत्रकार ने उनसे जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़ा सवाल किया, तो उन्होंने जवाब देते हुए पत्रकार की ओर गलत इशारा किया।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो अब तेजी से सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि अहमद शरीफ चौधरी, इमरान खान को 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा', 'राज्य विरोधी' और 'भारत की कठपुतली' बताते हैं। महिला पत्रकार अब्सा कोमल उनसे सवाल करती हैं कि यह अतीत से कैसे अलग है या हमें भविष्य में किसी बदलाव की उम्मीद रखनी चाहिए? चौधरी ने जवाब देते कहते हैं- चौथा बिंदु भी जोड़ें- वह (इमरान खान) जहनी मरीज (मानसिक रोगी) भी हैं। इसके बाद उन्होंने मुस्कराते हुए पत्रकार की ओर भद्दा इशारा किया।

सोशल मीडिया पर इस पर प्रतिक्रियाएं सामने आईं। एक यूजर ने लिखा, यह सब कैमरे के सामने हो रहा है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खत्म हो गया। प्रधानमंत्री केवल एक कठपुतली हैं। जबकि दूसरे ने लिखा, यह एक राष्ट्र का मीम बन गया है।

शुक्रवार को चौधरी ने इमरान खान को आत्ममुग्ध (नार्सिसिस्ट) बताया और कहा कि उनकी इतनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हो गई हैं कि उन्हें लगता है, अगर मैं सत्ता में नहीं हूं, तो कुछ भी नहीं होना चाहिए। हालांकि उन्होंने सीधे उनका नाम नहीं लिया। चौधरी ने कहा कि जो लोग इमरान खान से जेल में मिल रहे हैं, उनका इस्तेमाल 'सेना के खिलाफ जहर फैलाने' के लिए किया जा रहा है।

चौधरी ने इमरान खान पर सेना के खिलाफ दुश्मनी भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम किसी को भी पाकिस्तान की सेना और जनता के बीच दरार डालने की अनुमति नहीं देंगे और यह भी कहा कि सांविधानिक अधिकारों की कुछ सीमाएं होती हैं, खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे से जुड़े मामलों में।